# संत कीनाराम महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वारा निकाली गयी तिरंगा यात्रा रैली

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**सोनभद्र।** भारतवर्ष की स्वतंत्रता के 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर शासन की मंशा के अनुरुप चलाये जा रहे आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत हर घर तिरंगा पुलिस अधीक्षक सोनभद्र डॉ0 यशवीर सिंह द्वारा हेतु प्रोत्साहित किया गया । इस दौरान यह बताया गया कि हर घर तिरंगा अभियान राष्ट्रीय स्तर पर मनाए जा रहे आजादी का अमृत महोत्सव की ही एक कड़ी है । इस अभियान के माध्यम से आमजन के दिलों में देशभक्ति की भावना को और प्रबल करना व देश के लिए प्रेम



थाना रॉबट्र्सगंज क्षेत्रान्तर्गत संत कीनाराम महिला स्नतकोत्तर महाविद्यालय, रॉबट्र्सगंज से तिरंगा यात्रा का शुभारम्भ जिला विद्यालय निरीक्षक एवं कॉलेज के डॉयरेक्टर के साथ रैली को हरी झण्डी दिखा कर किया गया । उक्त तिरंगा यात्रा सन्त कीनाराम महिला सनतकोत्तर से शुरु होकर बैंक ऑफ बड़ौदा से शीतला माता चौक होते हुए महिला थाना तिराहा से वापस कॉलेज तक चली । इस दौरान उपस्थित पुलिस बल एवं कॉलेज की छात्राओं द्वारा तिरंगा झण्डा लेकर आमजन से हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने की अपील की गयी तथा लोगों को अपने-अपने घरों पर तिरंगा लगाने जागरूक करने के साथ ही राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान की भावना को और बढ़ाना है जिससे देश का हर देशवासी अपने देश की रक्षा के लिए हमेशा आगे खड़ा रहकर प्रतिभाग कर सके । इस मौके पर कॉलेज के निदेशक डॉ0 गोपाल सिंह द्वारा पुलिस अधीक्षक सोनभद्र को अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया गया । तिरंगा रैली के मौके पर जिला विद्यालय निरीक्षक आर0पी0 सिंह, प्रभारी निरीक्षक रॉबट्र्सगंज दिनेश प्रकाश पाण्डेय, चौकी प्रभारी कस्बा रॉबट्र्सगंज उ0नि0 संजय सिंह, कॉलेज के डॉयरेक्टर डॉ0 गोपाल सिंह सहित कॉलेज के छात्राएं, अध्यापक तथा आमजनमानस मौजूद रहा ।

# आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर में 300 मीटर तिरंगा यात्रा निकाली गई

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** रेणुसागर से ऑडीमोड़ तक की तिरंगा यात्रा निकाली गई आजादी के 75 वर्ष वर्षगांठ की शुभ अवसर पर 300 मीटर के तिरंगा यात्रा में माननीय मंत्री समाज कल्याण विभाग संजय गौड़ जी, मंडल अध्यक्ष अभिषेक विश्वकर्मा जी,मंडल मंत्री , जिलाश्रम प्रकोष्ठ अध्यक्ष अनिल कुमार प्रधान,महामंत्री प्रमोद शुक्ला जी, युवा मोर्चा अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह परमार जी,जिला कार्यसमिति सदस्य बुलेट नेता प्रभा शंकर मिश्रा जी,मनीष श्रीवास्तव जी,भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री के सी जैन जी, बांके सिंह जी एवं नगर पंचायत के समस्त जनता ने 8 किलोमीटर रेनूसागर से सिनेमा रोड होते हुए औडी मोड पर समापन किया।







# प्राथमिक विद्यालय जसरा अमृत महोत्सव तिरंगा यात्रा निकाली गई

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** प्राथमिक विद्यालय जसरा में स्वतंत्रता दिवस के 75 वे वर्ष मैं अमृत महोत्सव के उपलक्ष में प्रभात फेरी का आयोजन किया गया भारत माता की जय कारा लगाते हुए वंदे मातरम से गूंज उठा विद्यालय परिसर जिसने प्रधानाचार्य संजू लता एवं समस्त स्टाफ बच्चों के साथ प्रधान जसरा आशीष सोनकर अभिभावक सम्मिलित हुए बड़े उत्साह पूर्वक मनाया गया अमृत महोत्सव तिरंगा यात्रा लोगों को आजादी के विषय में जागरूक किया गया राष्ट्र के विषय में बच्चों को अध्यापकों के द्वारा बताया गया शासन के आदेशानुसार अमृत महोत्सव तिरंगा यात्रा पूरे जनपद में उत्साह के साथ कराया जा रहा है क्षेत्र के लोगों ने कस्बे कस्बे जन जन तक घर-घर तक तिरंगा झंडा लगाने का जोर शोर के साथ लग गए हैं ।



# सत्यांश मिश्रा ने दिया रक्षाबंधन पर बहनों को निशुल्क सिलाई कढ़ाई प्रशिक्षण केंद्र का तोहफा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**अनपरा ।** आज दिनांक 13/8 / 2022 को सुनारी गली अनपरा में निःशुल्क सिलाई कढ़ाई महिला प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन कर समाजसेवी सत्यांश शेखर मिश्रा ने क्षेत्र को दिया महिला नेकी का संदेश। सत्यांश फाउंडेशन के तहत निशुल्क सिलाई कढ़ाई महिला प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन करते हुए सत्यांश शेखर मिश्रा ने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु उक्त प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ किया गया है इससे इस क्षेत्र की तमाम महिलाओं के हाथों में एक हुनर आऐगा और महिलाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे वो आत्मनिर्भर की ओर कदम बढ़ेंगे। श्री मिश्रा ने कहा कि यह एक छोटा सा प्रयास है आगे और भी इस तरह के केंद्र खोले जाएंगे ताकि नगर पंचायत अनपरा के महिलाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त हो। सत्यांश मिश्रा ने कहा कि चिराग तले अंधेरे का कहावत इस क्षेत्र में चरितार्थ है मजदूरों की स्थिति काफी दयनीय हो गई है अगर महिलाओं को कार्य मिला तो उनके जीविकोपार्जन में कुछ राहत मिल सकेगी, इस अवसर पर बहनों ने समाजसेवी सत्यांश शेखर मिश्रा को राखी बांधकर उज्जवल भविष्य की कामना की कार्यक्रम में मुख्य रूप से आंचल रावत, कृष्णा देवी, शबाना बेगम, रीना श्रीवास्तव, निशा रावत अनीता देवी एवं कई महिलाएं उपस्थित रही।




## सहायक रजिस्ट्रार फर्म्स सोसाइटी एवं चिट्स प्रयागराज द्वारा झन्डा वितरण किया गया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** आज़ादी के अमृत महोत्सव के मौके पर सहायक रजिस्ट्रार फर्म्स सोसाइटी एवं चिट्स प्रयागराज के द्वारा झन्डा वितरण किया गया तथा संस्था इन्डियन डान्स एकेडमी के बच्चों द्वारा देश भक्ति गीतों पर नृत्य प्रस्तुतियों से सबका मन मोह लिया। इस अवसर पर महाकवि निराला की प्रपौत्र वधू निराला के निमित्त की महासचिव श्रीमती सुभाषिता त्रिपाठी को भी सहायक रजिस्ट्रार द्वारा सम्मानित किया गया।




# प्रवेश सूचना

## नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज

(आई0 एस0 ओ0 प्रमाणित औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र)

भारत सरकार की कौशल विकास योजना मे समस्त, 2022 से प्रारम्भ हो रहे सत्र के लिए निम्नलिखित ट्रेडों में दाखिले के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। ट्रेड प्रवेश योग्यता तथा प्रस्तुत विवण पाठ्यक्रर्मो की अवधि के विवरण नीचे दिए गए है।

| क्र0सं0 | ट्रेड का नाम | ट्रेड की अवधि | योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1. | कोपा (कम्प्यूटर ऑपरेटर) | 1 वर्ष | 12वी पास |
| 2. | फिटर | 2 वर्ष | 10वी पास |
| 3. | डाटा इंट्री ऑपरेटर | 6 माह | 10वी पास |
| 4. | फायर प्रिवेन्शन एण्ड इंडस्ट्रियल सेफ्टी | 6 माह | 8वी पास |
| 5. | सेक्योरिटी सर्विस | 6 माह | 8वी पास |
| 6. | कम्प्यूटर हार्डवेयर एण्ड एसेम्बली | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 7. | सर्टिफिकेट इन म्प्यूटर एप्लीकेशन | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 8. | इलेक्ट्रिकल टेक्निशियन्स | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 09. | रेफ्रिरिजरेटर एण्ड एयर कन्डिसनिंग | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 10. | योगा असिस्टेन्ट | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 11. | वेल्डिंग टेक्नोलॉजी | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 12. | कम्प्यूटर टीचर ट्रेनिंग कोर्स | 1 वर्ष | 10वी पास |

**प्रस्तुत विभिन्न पाठ्क्रमों में रिक्त की उपलब्धता तथा दाखिला शुल्क का विवरण संस्थान की वेबसाइट पर देखे।**

1. **प्रमाण पत्रः** सफल **प्रशिक्षणार्थियों** को भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय ट्रेड प्रमाणपत्र दिए जाते है, जो सेवा में भर्ती के लिए मान्य योग्यता है।
2. **चयन की प्रक्रियाः** इस वर्ष कोविड–19 महामारी के चलते **सभी** सीटों पर दाखिले पहले आओ पहले पाओं के आधार पर किये जायेगे।
3. **आयुः** उम्मीदवार की आयु 1 अगस्त, 2022 को न्यूनतम 14 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए।
4. **आवेदन कैसे करेः** ओवेदन फॉर्म संस्थान की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन भरे जा सकते तथा संस्थान के कार्यालय से निःशुल्क भी प्राप्त किया जा सकता है।
   **नोटः** आवेदन फार्म भरते हुए रू 2665 का पंजीकरण शुल्क भी (अप्रतिदेय) होगा।
5. **बस पासः** सरकार द्वारा **विद्यार्थियों** के लिए प्रति माह में रियायती एसी बस पास सुविधा उपलब्ध है, जो कि सभी बसों में मान्य है।
6. **छात्रवृत्तिः** दाखिले के उपरांत शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए सभी ट्रेडों में आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी, जिसके पास आय प्रमाण पत्र हो, वो भारत सरकार की छात्रवृत्ति योजनाओं में आवेदन कर सकते है।
7. अधिक जानकारी तथा ऑनलाइन आवेदन के लिए संस्थान की वेबसाइट www,nainiiti.com देखें।
8. दाखिले की अंतिम तिथिः **31 अगस्त 2022**
9. सफल अभ्यार्थियों को भारत सरकार द्वारा रू 7700 प्रति माह की अप्रेंटिसशिप सुविधा उपल्बध है।

**नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज**

सम्पर्क सूत्रः– 7518828710, 9415608710, 6386474074, 9415608790


# बड़े हनुमान मंदिर के पुजारी पवन महाराज भी निष्कासित

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** बड़े हनुमान मंदिर के पुजारी पवन महाराज भी निष्कासित महंत नरेंद्र गिरि की मौत के बाद हनुमान मंदिर के व्यवस्थापक रहे अमर गिरि के साथ पुजारी पवन महाराज ने ही जार्ज टाउन थाने व्यवस्थापक रहे अमर गिरि के साथ पुजारी पवन महाराज ने ही जार्ज टाउन थाने पहुंच कर पुलिस को घटना की सूचना दी थी। इस मामले में अमर गिरि और पवन महाराज ही मुकदमा वादी बनाए गए हैं। इस बीच अमर गिरि के साथ पवन है। मंदिर और मठ से हटाए जाने के सवाल पर उनका कहना था कि केस वापसी की अर्जी देना कोई गलत नहीं है। इसलिए कि उन्होंने किसी के खिलाफ नामजद एफआईआर कराई ही नहीं है। ऐसे में कोर्ट में हलफनामा दाखिल करना




पहुंच कर पुलिस को घटना की सूचना दी थी। इस मामले में अमर गिरि और पवन महाराज ही मुकदमा वादी बनाए गए हैं। अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रहे महंत नरेंद्र गिरि की मौत के मामले में केस वापसी का हलफनामा दाखिल करने वाले बड़े हनुमान मंदिर के पुजारी पवन महाराज की भी छुट्टी कर दी गई है। पवन महाराज को हनुमान मंदिर और मठ की सभी जिम्मेदारियों से मुक्त कर दिया गया। फिलहाल उन्हें मठ से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया है। इससे महंत की मौत और केस वापसी को लेकर विवाद बढ़ने के संकेत मिले हैं महंत नरेंद्र गिरि की मौत के बाद हनुमान मंदिर के महाराज ने भी हाईकोर्ट में हलफनामा दाखिल कर इस एफआईआर पर कार्रवाई न होने और केस वापस लेने की गुहार लगाई है। इसके बाद पवन महाराज से मठ प्रबंधन की नाराजगी बढ़ गई। नतीजा यह हुआ कि पवन महाराज को भी मठ से बाहर कर दिया गया। पवन महाराज बोले- केस वापसी की अर्जी देना कोई गलत नहीं पवन महाराज के बड़े हनुमान मंदिर की पूजा, आरती की व्यवस्था वापस ले ली गई है। साथ उनसे मठ का कमरा भी खाली करा लिया गया है। पवन महाराज ने रविवार को बताया कि उन्होंने सबकुछ हनुमान जी पर छोड़ दिया गुनाह नहीं माना जा सकता। पवन महाराज फिलहाल बाहर चले गए हैं। वह भी अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। अखाड़ा परिषद में पहुंचा मठ का विवाद, प्रयागराज आ सकते हैं अध्यक्ष रवींद्र पुरी निरंजनी अखाड़े के बड़े हनुमान मंदिर और बाघंबरी गद्दी मठ में शुरू हुए विवाद की जानकारी अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी को दे दी गई है। हरिद्वार पहुंचे बाघंबरी मठ के महंत बलवीर गिरि ने घटनाक्रम से अखाड़ा परिषद अध्यक्ष को अवगत कराया है। विवाद को देखते हुए परिषद के अध्यक्ष रवींद्र पुरी जल्द ही प्रयागराज आ सकते हैं।

# राष्ट्रीय मानव अधिकार क्राइम कंट्रोल ब्यूरो ने आजादी के 75 वे वर्ष का अमृत महोत्सव मनाया धूमधाम से

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** जशन ए आजादी के पूरा देश मना रहा है इसी क्रम में प्रयागराज में राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो की के तमाम महिला पुरुष अमीर गरीब सब एक साथ मिलकर इस जशन को मना रहे हैं 15 अगस्त 2 दिन बाद है लेकिन आज 13 तारीख से ही पूरा देश खुशियों में झूम रहा है



प्रयागराज टीम ने नेशनल के आदेश के अनुसार 13 अगस्त से 15 अगस्त झंडा घर घर बांटने का कार्य कर रही है आज पूरा देश हमारे सीमा के जवान पुलिस बल पीएसी बल सीआरपीएफ बल आरपीएफ पूरे देश में चारों तरफ खुशी की एक लहर दौड़ आई है ! सबके अंदर एक उत्साह है और यह हमारे देश के लोगों के लिए बहुत गर्व की बात है हर घर झंडा हर हाथ में झंडा यह हमारी अपनी पहचान है राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं क्राइम कंट्रोल ब्यूरो की प्रयागराज के प्रेसिडेंट खालिद समदानी के नेतृत्व में यह कार्यक्रम प्रयागराज के गोल पार्क मीरापुर में किया गया इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के वाइस प्रेसिडेंट फैजान रजा, स्टेट लेवल मीडिया ऑफिसर अभिषेक गुप्ता, संभाग टीम की महिला विंग की अध्यक्ष साहिबा खान प्रयागराज महिला मीडिया ऑफिसर पूनम चौरसिया जी मीडिया ऑफिसर यूथ यश गुप्ता जी मीडिया ऑफिसर शमशाद जी राज हिमांशु सागर डिवीजन मीडिया ऑफिसर डॉक्टर उल्लाह जी मुशीर उल्लाह जी मोहम्मद मिराज ब्लॉक अध्यक्ष राशिद अंशु और तमाम लोग उपस्थित रहे ! कार्यक्रम जिला के संरक्षक श्रीमान बी पी सागर जी को झंडा देकर कार्य शुभआरम्भ किया गया ! थाना अध्यक्ष अतरसुइया एवं चौकी इंचार्ज कल्याणी देवी रानी मंडी व दरियाबाद और अतरसुइया थाने के अन्य पुलिसकर्मी भी उपस्थित रहे ।

# आजादी के अमृत महोत्सव पर कलाकारों की प्रस्तुति से देश भक्ति में डूबा


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर कलाकारों के लिए सदैव सेवा में लगे रहने वाले जाने-माने संस्थान यमुनापार कलाकार संघ द्वारा उद्योग नगर तथा आरोग्य केंद्र की प्रबंधक श्रीमती कुमकुम आचार्य के सहयोग से रहा ,कार्यक्रम की शुरुआत वंदे मातरम से की गई इसके पश्चात आशीष शर्मा के देशभक्ति गीत पर दर्शकों की तालियों से उद्योग नगर परिसर तिवारी, अर्पिता श्रीवास्तव सहित अन्य प्रतिभागियों ने बहुत ही खूबसूरत प्रस्तुति दी, कार्यक्रम के प्रायोजक के रूप में स्वदेशी इंडिया फाउंडेशन एवं लक्ष्य फिजियोथेरेपी सेंटर के प्रबंधक डॉ प्रितांशु श्रीवास्तव





परिसर में शनिवार को ,एक शाम देश के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें 35 प्रतिभागियों ने अपने गीत काव्य पाठ एवं नृत्य से दर्शकों को आकर्षित किया कार्यक्रम का प्रारंभ वरिष्ठ समाजसेवी शशांक शेखर पांडे एवं श्री दत्तात्रेय पांडे, सरस्वती सामाजिक संस्थान के अध्यक्ष श्री कुंवर जी तिवारी के द्वारा दीप प्रज्ज्वलन से हुआ जो कि शाही मसाला गरुप के चेयरमैन श्री अनिल कुमार शाही एवं श्रीमती कुमुद शाही गूंज उठा, शास्त्रीय गायिका श्रीमती नीतू राय के निर्देशन में शकुन विद्या निकेतन के छात्र-छात्राएं ,नीरज शुक्ला एंड ग्रुप के बच्चे, ऋषभ डांस एकेडमी के बच्चे एवं मुनन मासूम द्वारा कोरांव क्षेत्र से आए हुए प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा दिखाई ,साथ ही यमुनापार के अन्य कलाकारों ने भी अपनी प्रतिभा का परिचय दिया, मुख्य रूप से कमल मिश्रा ,अंकिता हेमराजानी, ओम प्रकाश शर्मा अमन मिश्रा ,अमित पांडे,शालिनी केसरवानी, तुलसी प्रमुख रूप से सक्रिय योगदान कार्यक्रम में निभाते नजर आए ,कार्यक्रम के समापन पर समस्त प्रतिभागियों को यमुनापार कलाकार संघ अध्यक्ष द्वारा मेडल एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया इस अवसर पर यमुनापार कलाकार संघ के पदाधिकारियों में आशीष शर्मा ,विमलेश पांडे नीरज शुक्ला ,सौरभ तिवारी अभिषेक सिंह ,कृष्ण कुमार सत्यार्थी ,श्वेता श्रीवास्तव ,अथर्व श्रीवास्तव पवन शर्मा ,अर्चना शर्मा आदि मौजूद रहे।

# भूमाफिया रमन साहनी द्वारा आपराधिक कृत्यों से अर्जित नौ भूमियों कीमत करीब दस करोड़ पचास लाख की सम्पत्ति जब्त

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सीतापुर।** लस महानिदेशक उ0प्र0 महोदय के निर्देश पर अपराधियों के विरुद्ध आपराधिक कृत्य से अर्जित संपत्ति के जब्तीकरण संबंधी चलाये जा रहे अभियान के क्रम में जिलाधिकारी महोदय के आदेश पर शातिर अपराधी, जालसाज, गैंगेस्टर का अपराधी है। संगठित गिरोह बनाकर कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर धोखाधड़ी करके दूसरों की जमीन पर कब्जा करना तथा जालसाजी करके सम्पत्ति व दूसरे की भूमि को हड़प लेना इसका पेशा है। इसके विरुद्ध कोतवाली नगर सीतापुर में गैंगेस्टर सहित









भूमाफिया, गैंगेस्टर रमन साहनी पुत्र पेशावरी लाल निवासी 18 लक्ष्मी मार्केट थाना कोतवाली नगर सीतापुर के द्वारा जालसाजी, छल कपट, दूसरों की जमीन पर कब्जा, कूट रचित दस्तावेजों के आधार पर जमीन की हेराफेरी करके आपराधिक कृत्यों द्वारा अर्जित की गयी नौ जमीनों को धारा 14(1) यू.पी. गैंगेस्टर एक्ट 1986 के अन्तर्गत आज दिनांक 13.08.2022 को जब्त करने की कार्यवाही की गयी है। रमन साहनी उपरोक्त एक जालसाज, भूमाफिया, लगभग डेढ़ दर्जन आपराधिक मामले दर्ज है। इसके द्वारा पीडित लोग भय/आतंक आदि के कारण कई प्रकरणों में शिकायत भी नही करते है। इस शातिर अपराधी के कृत्यों पर रोक लगाने के लिए राजस्व/पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा आपराधिक कृत्यों से प्राप्त की गयी लगभग नौ जमीनों जिनकी बाजार वैल्यू करीब 10,50,00,000/- रू0 (दस करोड़ पचास लाख रूपए) आंकी गयी है, को जब्त किया गया है। भविष्य में भी इस प्रकार के गैंगेस्टर अपराधियों के चिन्हीकरण और उनके द्वारा अर्जित की गयी अवैध सम्पत्तियों का चिन्हांकन कर उनकी जब्तीकरण की कार्यवाही प्रचलित रहेगी। जब्त की गयी भूमि का विवरण क्र.सं ग्राम का नाम खाता खतौनी संख्या गाटा संख्या क्षेत्रफल अंश अंश के अनुसार क्षेत्रफल सम्पत्ति जिसके नाम है अनुमानित कीमत रू0 में 1 टेढ़वा चिलौला 262 147ग 0.405 हे0 पूर्ण भाग 0.405 हे0 रमन साहनी के नौकर श्रीकान्त के नाम 90 लाख 261 148क 0.664 हे0 पूर्ण भाग 0.664 हे0 बहन मोनिका आनन्द पत्नी प्रदीप आनन्द 4 करोड़ 50 लाख रुपये 100 15 0.274 हे0 1/3 भाग (शेष भाग पूर्व में कुर्क किया जा चुका है।) 0.0182 हे0 भाई सरल साहनी व माता कमलेश साहनी 50 लाख 101 116 0.330 हे0 1/3 भाग (शेष भाग पूर्व में कुर्क किया जा चुका है) 0.200 हे0 भाई सरल साहनी व माता कमलेश साहनी 60 लाख 024 149क 0.032 हे0 1/2 0.016 हे0 रमन साहनी के नौकर मुंशीलाल के नाम 10 लाख 127 149ग 0.032 हे0 पूर्ण भाग 0.032 हे0 रमन साहनी के नौकर मुंशीलाल के नाम 15 लाख बैनामा 296 का जुज भाग 2200 वर्ग फिट 2200 वर्ग फिट 2200 वर्ग फिट रमन साहनी की बहन मोनिका आनन्द के नाम 25 लाख 2. खजुरिया आवास 242 550 1.5090 हे0 1/3 भाग (शेष भाग पूर्व में कुर्क किया जा चुका है) 1.006 हे0 रमन साहनी के भाई सरल साहनी व माता कमलेश साहनी 2 करोड़ 60 लाख 3. मुबारकपुर 156 97 0.870 हे0 1/2 भाग 0.435 हे0 रमन साहनी के भाई सरल साहनी व माता कमलेश साहनी 90 लाख योगः- 10,50,00,000/- (10 करोड़ पचास लाख रूपए)।

# अमृत महोत्सव रैली से लौट रहे छात्र को पिकअप ने बेरहमी से कुचला

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**वाराणसी।** मां और बहन हुए बेहोशहर्षित पटेल और उसका दोस्त अमृत महोत्सव रैली से घर लौट रहे



थे। रास्ते में उनकी बाइक फिसल गई। बाइक को दोनों दोस्त उठा रहे थे कि तभी तेज रफ्तार में आ रहे पिकअप ने दोनों को रौंद दिया। शिवपुर थानाक्षेत्र से एक एक्सीडेंट की खबर है। पुरानी मिल के समीप भरलाई में 17 वर्षीय स्कूली छात्र हर्षित पटेल पुत्र संतोष पटेल की एक सड़क हादसे में मौत हो गई। कठवतिया नवलपुर थाना शिवपुर वाराणसी का हर्षित अपनी मोटर साइकिल लेकर अपने दोस्त मो0 समीर के साथ स्कूल के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य पर निकली रैली से खाली होकर घर जा रहा था। तभी एकाएक तेज गति से टाटा 407 पिकअप चालक शराब के नशे में धुत्त होकर गाड़ी पर सीमेंट लादकर आ रहा था। बरसात होने के कारण बाइक फिसल गई और बाइक को हर्षित पटेल उर्फ लकी पटेल और उसका दोस्त मो0 समीर अली मिलकर उठा रहे थे कि तेज गति से आ रहे पिकअप ने रौंद दिया। जिससे सिर पर चोट लगने के कारण हर्षित पटेल उर्फ लकी की मौके पर मौत हो गयी और साथी दोस्त समीर बच गया।

# रोटरी क्लब ग्रैंड द्वारा चैरिटेबल मूवी शो किया गया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** रोटरी क्लब ग्रैंड द्वारा विनायक सिविल लाइन्स में वूमेन, हेल्थ और हाइजीन को प्रमोट करने के लिए एक सफल चैरिटेबल मूवी शो का प्रोग्राम किया गया । जिसमें रोटरी प्रेसिडेंट फैज़ा जीशान, सेक्रेटरी वरुण टंडन, प्रोग्राम चेयरमैन गीतिका अंडानी एवं अन्य रोटरी सदस्य उपस्थित थे।



# प्रयागराज जिला उपाध्यक्ष श्वेता साहू ( वूमेंस विंग ) की अध्यक्षता में अमृत महोत्सव के उपलक्ष में यात्रा


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** (नेशनल ह्यूमन राइट एंड क्राइम कंट्रोल ब्यूरो) द्वारा प्रयागराज जिला उपाध्यक्ष श्वेता साहू (वूमेंस विंग) की अध्यक्षता में लाने और भारत की आजादी के 75 वें वर्ष को चिह्नित करने के लिए इसे फहराने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए यह तिरंगा यात्रा निकाला गया। इस कार्यक्रम में




अमृत महोत्सव के उपलक्ष में इस यात्रा में (दिव्यांग) विशेष बच्चों के साथ (भावनी वेलफेयर सोसाइटी एवं सोल्जर डिफेंस अकादमी) तिरंगा यात्रा निकाला गया । हर घर तिरंगा 'आजादी का अमृत महोत्सव के तत्वावधान में लोगों को तिरंगा घर सम्मिलित हुई, ( नेशनल हुमन राइट एंड क्राइम कंट्रोल ब्यूरो) प्रयागराज जिला की उपाध्यक्ष श्वेता साहू (महिला विंग) और एक्टिव मेंबर नीता भारद्वाज जी, पूनम सिंह जी और प्रयागराज जिला के वॉलिंटियर और सदस्य टीम मौजूद रही।

# दोस्तों के साथ गया था यश, परिजनों ने रातभर थाने पर दिया धरना

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सारनाथ।** वाटर पार्क में आठ साल के बच्चे की डूबने से मौत के बाद



कोहराम मच गया। परिजनों ने सारनाथ थाने में रातभर धरना दिया और वाटर पार्क प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। सारनाथ के दनियालपुर स्थित वाटर पार्क में आठ साल के बच्चे की डूबने से मौत हो गई। उधर परिजन सारनाथ थाने पहुंचे और वाटर पार्क प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की हालांकि पुलिस ने किसी तरह समझा बुझाकर मामला शांत कराया। पुलिस भी वाटर पार्क प्रबंधन से पूछताछ कर रही है। लाटभैरव सरैयां निवासी सब्जी विक्रेता राजकुमार सोनकर का दूसरे नंबर का बेटा यश क्लास दो का छात्र था। मोहल्ले के कुछ लड़कों के साथ वह दनियालपुर स्थित वाटर पार्क गया था, जहां नहाते समय वह डूब गया। दोस्तों की सूचना पर परिजन पहुंचे और अस्पताल लेकर गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# बलिया मे स्कूटी सवार महिला शिक्षक संघ ने निकाली तिरंगा यात्रा रैली,शिक्षिकाओं को मेडल से नवाजा गया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
बलिया। 75वें आजादी का अमृत महोत्सव ठहर घर तिरंगाठके तत्वावधान में महिला शिक्षक संघ बलिया की अध्यक्ष श्रीमती रंजना पाण्डेय के कुशल नेतृत्व में उ.प्रा.वि.जीराबस्ती पर विभिन्न कार्यक्रम खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।इस दौरान बलिया मे स्कूटी सवार महिला शिक्षक संघ ने निकाली तिरंगा यात्रा रैली, शिक्षिकाओं को मेडल से नवाजा गया और उन्हे सम्मानित किया गया। एसडीएम श्रीमती सीमा पाण्डेय ने दीप प्रज्वलित कर किया समारोह का शुभारंभ। इस अवसर काफी संख्या मे शिक्षक-छात्र-छात्राऐ व अभिभावक उपस्थित रहे। समारोह में प्रत्येक शिक्षा क्षेत्र से अधिकांश शिक्षिका बहनों ने प्रतिभाग किया।इसका शुभारंभ उपजिलाधिकारी श्रीमती सीमा पाण्डेय द्वारा मां सरस्वती के प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। उसके उपरान्त उन्होंने विकसित, उन्नतिशील भारत निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर रहीं शिक्षिकाओं की स्कूटी रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया,जो विभिन्न मार्गो से होते हुए कार्यक्रम स्थल पर समाप्त हुआ तत्पश्चात शिक्षिकाओं द्वारा



एकल राष्ट्रीय गान ,संस्कृत में भाषण, मेंहदी प्रतियोगिता, पोस्टर,100 मी0 दौड़, कुर्सी दौड़ इत्यादि प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया गया। प्रतियोगिता के सभी इवेन्ट्स में उत्कृष्ट पांच-पांच शिक्षिकाओं को मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी व विशिष्ट अतिथि श्रीमती जयश्री भारती एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी हनुमानगंज ए0के0.झां द्वारा सील्ड देकर सम्मानित किया गया विजेताओं में अर्चना प्रजापति, सूफिया खातून, विजेता सिंह, मणि सिन्हा पूनम यादव को प्रथम पुरस्कार ,द्वितीय पुरस्कार सुमन चतुर्वेदी ,रोशन भारती, चंद्रकला , सूफिया खातून , पूनम ,प्रीती गुप्ता तृतीय पुरस्कार पुष्पा शर्मा ,दिव्या सोनी ,नीलम गुप्ता ,अर्चना प्रजापति, सरिता देवी मॉडल आर्ट के लिए शबाना जरीन को पुरस्कृत किया गया व अनीता यादव ,शबनम,अभिलाषा मिश्रा ,सुमन चतुर्वेदी को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। इस राष्ट्रीय पर आयोजित समारोह प्रतियोगिता भाषण में प्रीति गुप्ता और पूनम यादव द्वारा फिरंगियों से आजादी दिलाने वाले अमर सपूतों की गाथा पर प्रकाश डाला गया एवं भारत के नवनिर्माण में महिलाओं के योगदान के साथ-साथ तिरंगे के महत्व पर भी विधिवत प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर एसआरजी श्रीमती चित्रलेखा सिंह व बलिया के एआरपी तेज बहादुर पाण्डेय, अशोक सिंह, राम प्रकाश सिंह, रविकुमार यादव, मुमताज अहमद , कमलेश कुमार मिश्र, अंगद वर्मा, ब्रजेश प्रसाद, ब्रज भूषण गौतम, श्रीमती नीनू गौतम, अजय कांत उपस्थित रहे। कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉ0 लक्ष्मी चौधरी ने किया। जबकि कार्यक्रम को सफल बनाने में विभा श्रीवास्तव ,मंदाकिनी द्विवेदी,चन्द्र कला महिला शिक्षक संघ के ब्लॉग अध्यक्षा प्रधानाध्यापिका अन्नू सिंह ,किरन भारती, रंजीता सिंह, संध्या पांडेय, रमिता ठाकुर, आदि शिक्षिकाओं का सहयोग सराहनीय रहा।कार्यक्रम का समापन विजेता सिंह व सिंपल चौरसिया ने राष्ट्र गान के साथ किया।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद सोनभद्र, जनपद-सोनभद्र

पत्रांक-मेमो/2022 दिनांक-14.08.2022

आज़ादी का अमृत महोत्सव
स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर
आज़ादी का अमृत महोत्सव

**स्वतन्त्रता के 75वीं वर्षगांठ अमृत महोत्सव के अन्तर्गत दिनांक 11.08.2022 से 17.08.2022 तक हर घर तिरंगा फहरायें।**

**राष्ट्रीय पर्व 15 अगस्त, 2022 स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर नगर पालिका परिषद सोनभद्र नगरवासियों का हार्दिक स्वागत एवं अभिन्नदन करती है तथा नगर वासियों से निम्न अपेक्षायों करती हैः-**

1.घरों और दुकानों से निकलने वाले कूडे को रोड या नाली में न फेके।
2.गीले कूडे को हरा में और सखें कूडे को नीले में अलग-अलग कर रखें।
3.घर/दुकानों/प्रतिष्ठानों से निकलने वाल कूडे.व प्लास्टिक को रोड/नाली में न फेके।
4.प्रतिबन्धित पॉलीथीन/सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करें।
5.दुकानदार अपने समान को रोड/पटरी/नाली पर न रखें।
6.नगरवसी वृक्षारोपण कर नगर को प्रदूषण मुक्त करने में सहयोग करे।

**यह नगर आपका है, इसे स्वच्छ, सुन्दर, कूड़ामुक्त, सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त और प्रदूषण मुक्त बनाने में अपना सहयोग करें।**

**(विजय कुमार यादव)** अधिशासी अधिकरी नगर पालिका परिषद,सोनभद्र
**समस्त सभासदगण** नगर पालिका परिषद
**(विरेन्द्र कुमार जायसवाल)** अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, सोनभद्र

(आधुनिक समाचार सेवा)
उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक संघ ने जिला उद्योग केंद्र के साथ तिरंगा यात्रा निकाली। के साथियों ने इंडस्ट्रीयल ऐरिया में काफ़ी उत्साह से आज़ादी के अमृत महोत्सव पर रैली द्वारा सबको एक साथ इस पर्व पर जश्न मनाने का अनुरोध किया।





## सीतापुर पुलिस अधीक्षक ने किया पुलिस कार्मियों को सम्मानित

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सीतापुर।** पुलिस अधीक्षक सीतापुर श्री घुले सुशील चन्द्रभान द्वारा आजादी के 75 वीं वर्षगांठ पर मनाये जा रहे आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत पुलिस लाइन में उत्कृष्ट/सराहनीय कार्यो करने वाले जनपद के 75 (उ0नि0-01, म0उ0नि0-1, मु0आ0-9, म0मु0आरक्षी-1, आरक्षी-25, म0आरक्षी-38) पुलिसकर्मियों को प्रशंसा पत्र एवं राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा भेंट कर उत्साहवर्धन किया गया एवं उनके द्वारा किये गये अच्छे कार्यो की सराहना की गयी। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी श्री नरेन्द्र प्रताप सिंह, अ0पु0अ0/क्षेत्राधिकारी नगर श्री पीयूष सिंह, क्षेत्राधिकारी लाइन श्री सुजीत दूबे, क्षेत्राधिकारी प्रशिक्षु श्री शोभित, प्रतिसार निरीक्षक श्री राजकुमार व अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।



## आधुनिक समाचार अनपरा ( सोनभद्र ) कार्यालय का भव्य उद्घाटन समारोह सम्पन्न

अगस्त 2022 को अनपरा में आधुनिक समाचार सोनभद्र के कार्यालय का भव्य उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि प्रदीप सिंह चंदेल (सीओ -पिपरी) एवं विशिष्ट अतिथि श्रीकांत राय(थाना प्रभारी निरीक्षक अनपरा) की अध्यक्षता में किया गय इस कारण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री प्रदीप सिंह चंदेल जी सीओ (पिपरी)एवं विशिष्ट अतिथि श्रीकांत राय जी (थाना प्रभारी निरीक्षक अनपरा) विशेष रूप से उपस्थित रहे इस कार्यक्रम के सम्मानित अतिथियों में विशेष रूप से जीएस तिवारी, विक्रम सिंह सोढ़ी चंद्रशेखर गुप्ता , प्रमोद गुप्ता, राजेश शर्मा, मुकेश ठाकुर, गजेंद्र सिंह, श्याम बाबू, डॉ मृत्युंजय ठाकुर , विजय ठाकुर, मनोज सिंह राणा , अंजनी कुशवाहा, महेंद्र शर्मा, डॉ डी के विश्वकर्मा, मुकेश कुशवाहा कृष्णकांत यादव आदि उपस्थित रहे इस कार्यक्रम के प्रमुख संचालक अश्वनी कुमार ठाकुर एवं कुशल गुप्ता (पत्रकार आधुनिक समाचार) सोनभद्र के तत्वाधान में किया गया।










# कार्यालय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सोभनद्र
## शुभकामना सन्देश एवं अपील

**चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, सोनभद्र की तरफ से 15 अगस्त 2022 स्वतंत्रता दिवस एवं स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगॉठ के अवसर पर आजादी का अमृत महोत्सव तथा हर घर तिरंगा के शुभ अवसर पर जनपद वासियों को हार्दिक शुभ्कामनाएं व प्रत्येक पूरूष, महिला, बच्चे को स्वस्थ रखने अपने आस पास सफाई रखने तथा विभाग की ओर से सभी जन से निम्न अपील की जाती है-**

1. सर्वप्रथम 15 अगस्त 2022 स्वतंत्रता दिवस एवं स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगॉठ के अवसर पर आजादी का अमृत महोत्सव तथा हर घर तिरंगा के शुभ अवसर पर प्रत्येक जन को हार्दिक बधाई तथा वैश्विक महामारी कोरोना पर जीत व बचाव हेतु विभाग द्वारा चालाये जा रहे कोविड टीकाकरण कार्यक्रम में प्रिकाशन डोज को अनिवार्य रूप से लगावायें तथा प्रत्येक पुरूष, महिला, बच्चे को स्वस्थ रखने के लिये व्यक्तिगत साफ-सफाई के साथ-साथ अपने आस-पास सफाई रखें।
2. कोविड-19 (कोरोना) से स्वयं वा अपने परिवार को सुरक्षित रखनें के लिये मास्क प्रयोग करे, भीड मे जाने से बचे, अपने चेहरे को छूने से बचें, हाथों को नियमित रूप् से साबुन से धोयें अथवा सैनीटाईज करें व सरकार द्वारा समय समय पर दिये जा रहे निर्देशों, प्रोटोकाल का पालन करें।
3. आयुष्मान भारत-प्रधनमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत वर्ष, 2011 के जनगणना के आधार पर सामाजिक, आर्थिक एवं जातिगत चिन्हत पात्र/परिवारों, लेबर कार्ड धारक व अन्त्योदय योजना कार्डधारक को प्रतिवर्ष 5-लाख रूपयें तक का मुफ्त ईलाज सूचीबद्ध सरकारी एवं प्राईवेट चिकित्यालय/अस्पताल द्वारा प्रदान किया जाता है, पंजीकृत परिवार अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहे, किसी भी प्रकार के रोग को अनदेखा न करे तथा आवश्यकतानुसार चिन्हित चिकित्सालय में समुचित उपचार निःशुल्क करायें।
4. प्रत्येक मास की 09-तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अन्तर्गत सभी ब्लाक स्वास्थ्य केन्द्र एवं जिला संयुक्त चिकित्सालय में कुशल चिकित्सकों द्वारा गर्भवती की जॉच की जाती है, इसमें जॉच अवश्य करायें, ताकि खून में हीमोग्लोबिन की कम मात्रा को पूरा करते हुये हाईरिस्क प्रिग्ननेसी अथवा जोखिम प्रसव से बचाव करते हुये जच्चा व बच्चा को स्वस्थ रखें।
5. प्रधानमंत्री मातृ वन्दना योजना के अन्तर्गत पहले बच्चे के जन्म पर रू0-5000/-का अनुदान निर्धारित 03-किश्तों में दिया जाता है, पहले बच्चे के जन्म के पूर्व अपने क्षेत्र की आशा व ए0एन0एम0 से सम्पर्क कर पंजीकृत करावें व योजना का लाभ उठायें।
6. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत निःशुल्क प्रसव, जननी शिशु सुरक्षा योजना के अन्तर्गत गर्भवती व प्रसूता को निःशुल्क सेवा लाभ, राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम में बच्चो का सभी आवश्यक टीका, परिवार को सीमित रखनें के लिये स्थायी वा अस्थायी विधि, टी0बी0 उन्मूलन कार्यक्रम में निःशुल्क उपचार, जिला संयुक्त चिकित्सालय पर निःशुल्क मोतियाबिन्द आपरेशन वा अन्य सेवायें दी जाती है, इस हेतु अपने नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र अथवा आशा/ए0एन0एम0 बहन से सम्पर्क स्थापित करके लाभ उठाये।
7. राष्ट्रीय सवस्थ्य मिशन के अन्तर्गत जिला संयुक्त चिकित्सालय में संचालित एन0आर0सी0-पोषण पुनर्वास केन्द्र, एस0एन0सी0यू0-नवजात शिशु देखभाल केन्द्र तथा। सभी ब्लाक केन्द्र पर एन0बी0एस0यू0 में नवजात शिशु का प्राथमिक उपचार व देखभाल निःशुल्क करावे।

**स्वास्थ्य आपका, हमारा विश्वास**

**डा0 रमेश सिंह ठाकुर**
**मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सोनभद्र**

**श्री चन्द्र विजय सिंह (IAS)**
**जिलाधिकारी, सोनभद्र**


## दुष्कर्म करने वाले एक अभियुक्त कि हुई गिरफ्तारी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** थाना बभनी पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 113/ 2022 धारा 376 (2 )एन, 493, 315, 323, 307, 506 भादवि से सम्बन्धित अभियुक्त भीमराज पुत्र पृथ्वीनाथ निवासी मोहल्ला महुआरी टोला, थाना बभनी, जनपद सोनभद्र को उसके घर से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया। **गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण** 1.भीमराज पुत्र पृथ्वीनाथ निवासी मोहल्ला महुआरी टोला, थाना बभनी, जनपद सोनभद्र। **गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम** 1.प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह, थाना बभनी, जनपद सोनभद्र। 2. मुख्य आरक्षी अक्षय कुमार यादव, थाना बभनी, जनपद सोनभद्र 3.आरक्षी रोहित कुमार, थाना बभनी, जनपद सोनभद्र।



## दोस्तों के साथ पिकनिक पर गए युवक की मौत, हर एंगल जांच कर रही पुलिस

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** राबर्ट्सगंज का एक युवक अपने कुछ दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने धंधरौध बांध गया था। बताया जा रहा है कि सेल्फी के चक्कर में युवक नीचे गिर गया और डूबने से मौत हो गई। हालांकि



परिजनों ने शक जताया है जिसके बाद पुलिस हर एंगल से जांच रह रही है। रामपुर बरकोनिया गांव में स्थित धंधरौल बांध पर सोमवार को पिकनिक मनाने गए एक युवक की डूबने से मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से शव को निकलवाया। थाना प्रभारी अरविंद गुप्ता ने मृतक रामानुज पाण्डेय 28 पुत्र बनारसी पाण्डेय को पोस्ट मॉर्टम के लिए के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। उधर घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने बताया कि सोमवार की दोपहर करीब 12 बजे राबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र के राबर्ट्सगंज नगर पालिका अंतर्गत ब्रम्हनगर के रहने वाले बनारसी पांडेय का बेटा रामानुज पांडेय अपने कुछ दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने के लिए धंधरौध बांध पर पहुंचा। बताया गया कि बांध पर सेल्फी लेने के दौरान रामानुज पांडेय बंधे में गिर गया और वह गहरे पानी में समा गया। साथ में आए युवक रामानुज के घर पहुंच कर परिजनों को बंधे में डूबने की जानकारी दी। यह सुन परिजनों के होश उड़ गए और जो जिस हाल में था उसी हाल में बांध पर पहुंच कर पुलिस को मामले से अवगत कराया। घटना की जानकारी होने पर फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी अरविंद गुप्ता ने अपने स्तर से युवक का पता लगवाने का प्रयास किए, लेकिन घंटे भर बाद भी पता नहीं चला। इसके बाद स्थानीय गोताखोरों की मदद से शव को बाहर निकलवाया। रात करीब आठ बजे पुलिस शव को लेकर जिला अस्पताल पहुंची। रात होने के कारण पोस्ट मॉर्टम नहीं हो सका। उधर बेटे के शव के पास बिलख रहे पिता बनारसी पांडेय का कहना है कि उनके बेटे की मौत संदिग्ध लग रही है। इसकी जांच होने पर ही मौत का सही पता चल सकेगा। इस संबंध में थाना प्रभारी अरविंद गुप्ता का कहना है कि मंगलवार को शव का पीएम कराने की कार्यवाही की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मौत के कारणों का सही पता चलेगा। कहा कि मृतक के साथ गए उसके दोस्तों से कैसे डूबा आदि बिंदुओं पर पूछताछ की जा रही है।

## अमृत महोत्सव के अवसर पर महिला पुलिस कर्मियों ने निकाली पिंक रैली

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र ।** आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर रिजर्व पुलिस लाइन चुर्क, जनपद सोनभद्र



में महिला पुलिसकर्मियों के पिंक वाहनों के तिरंगा मार्च का आयोजन किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सोनभद्र विनोद कुमार द्वारा महिला बाल सुरक्षा संगठन के पुलिस कर्मियों के पिंक वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर तिरंगा यात्रा का शुभारम्भ किया गया। जिसमें महिला पुलिसकर्मियों के पिंक वाहनों द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन चुर्क, जनपद सोनभद्र से प्रारम्भ होकर बढौली चौराहे पर समाप्त किया गया। इस मार्च के दौरान महिला पिंक वाहनों द्वारा देशभक्ति गीतों के माध्यम से जन जन तक देशभक्ति की भावना जागृत करने एवं हर घर तिरंगा फहराने हेतु प्रेरित किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान क्षेत्राधिकारी नगर राजकुमार त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी चुनाव/कार्यालय रामआशीष यादव, क्षेत्राधिकारी प्रशिक्षु अमित कुमार, प्रतिसार निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह, प्रभारी निरीक्षक अभय कुमार सिंह, महिला थानाध्यक्ष श्रीमती सन्तू सरोज सहित अन्य पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### पिपरी न्यू मार्केट में एक युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में लगाई फांसी मौत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** जनपद सोनभद्र के पिपरी थाना क्षेत्र पिपरी न्यू मार्केट में रहने वाले महताब हुसैन पुत्र सरफुद्दीन ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त की मिली सूचना के मुताबिक घटना करीब रात 12:30 बजे की है सूचना पाकर मौके पर पहुंची पिपरी पुलिस शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई में जुटी।



# महावीर पब्लिक स्कूल ने धूमधाम से निकाली तिरंगा यात्रा

(आधुनिक समाचार सेवा)
**प्रयागराज।** अबूसा मोड़ सराइनायत स्थित महावीर पब्लिक स्कूल में आज तिरंगा यात्रा निकालकर अमृत महोत्सव पर्व मनाया । तिरंगा यात्रा को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश शासन डॉ. राकेश धर त्रिपाठी जी ने अपनी कर कमलों से हरि झंडी दिखाकर रवाना किया । यात्रा महावीर पब्लिक स्कूल से प्रारंभ होकर अबूसा मोड़ होते हुए हनुमान गंज बाजार तक गई यात्रा में सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राएं वंदे मातरम भारत माता की जय का घोष करते हुए पंक्तिबद्ध होकर अनुशासित रूप से हाथों में तिरंगा लेकर शामिल हुए। तिरंगा यात्रा प्रारंभ होने से पूर्व बतौर मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री डॉ. त्रिपाठी जी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी का जन्म आजाद हिंदुस्तान में हुआ है हममें से किसी ने भी गुलामी के दर्द को महसूस नहीं किया है यह दर्द कितना खतरनाक था के लोग अपनी जान की बाजी लगा कर भी गुलामी से निजात पाना चाहते थे । आज हम सभी खुशी से राष्ट्र ध्वज को उठाकर सीना चौड़ा करके अपनी शोभायात्रा निकाल सकते हैं लेकिन गुलामी के दिनों में निश्चित रूप से यह सब दंडनीय अपराध की श्रेणी में था । हमारे ऐसे पूर्वज जिन्होंने स्वाधीनता के लिए अपनी जान दी अपना बलिदान दिया उन सब ने जो पौध लगाई आज उसका फल हम उनकी संतान के रूप में उपभोग कर रहे हैं । हमें चाहिए के हम आने वाली पीढ़ी के लिए एक श्रेष्ठ भारत का निर्माण कर उनको भी गौरवान्वित होने का सौभाग्य प्रदान करें निश्चित रूप से हम सब द्वारा किए गए राष्ट्रहित के कार्यों की प्रशंसा आने वाली पीढ़ी करेगी । आज ज्ञान विज्ञान की क्षेत्र में भी भारत के बढ़ते कद को सारा विश्व स्वीकार कर रहा है आने वाला भविष्य विद्यार्थियों का है युवाओं का है आपको जिम्मेदारी समझते हुए देश को उन्नति की ओर ले जाना है। विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती रजनी शर्मा ने सभी विद्यार्थियों में उत्साह भरते हुए तिरंगा यात्रा में अनुशासन का ध्यान दिलाया उन्होंने कहा की अनुशासन ही विद्यार्थियों को सफलता की राह दिखाता है यह विद्यार्थी जीवन में मानव शरीर के रीढ़ जैसा होता है इसके बिना सफलता असंभव है। उन्होंने तिरंगा यात्रा में भी विद्यार्थियों को अनुशासित रूप से भाग लेने की बात कही । यात्रा के दौरान बहादुरपुर बी आर सी की प्राइमरी के पाठशाला में महावीर पब्लिक स्कूल के छात्र छात्राओं द्वारा प्राइमरी के विद्यार्थियों को राष्ट्र ध्वज वितरित कर अमृत महोत्सव के महत्व को समझाया गया । यह तिरंगा यात्रा वापस महावीर पब्लिक स्कूल में राष्ट्रगान के साथ समाप्त हुई ।इस अवसर पर संस्थान के निदेशक इ.प्रणव त्रिपाठी जी ,पूर्व ब्लाक प्रमुख सैदाबाद श्री प्रमोद कुमार त्रिपाठी ठबुलबुलठ जी , प्रधानाचार्य श्रीमती रजनी शर्मा जी , उपप्रधानाचार्य श्रीमती प्रज्ञा पांडेय जी , खेल प्रशिक्षक अंकित पाण्डे, विनोद बिंद , संजय बिंद , शैलेश दुबे आदि मुख्य रुप से मौजूद रहे।



# भारतीय कोच के मुरीद हुए रॉस टेलर कहा- दुनिया में 4000 बाघ होंगे लेकिन राहुल द्रविड़ इकलौते हैं

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** प्रीमियर लीग (आईपीएल) एक ऐसा टूर्नामेंट है जहां विदेशी खिलाडियों को भारतीय खिलाडियों के साथ घुलना-मिलना होता है। इस लीग के कामयाब होने की एक बड़ी वजह यह भी रही है कि दुनिया भर के खिलाड़ी इसमें एक टीम के तौर पर खेलते हैं। 2011 आईपीएल वह समय था जब न्यूजीलैंड के पूर्व खिलाड़ी रॉस टेलर को राहुल द्रविड़ और शेन वॉर्न के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करने का मौका मिला था। टूर्नामेंट के उस विशेष संस्करण ने टेलर को यह समझा दिया कि भारतीय क्रिकेटरों की अपने देश में कितनी पैठ है। उनका खुलेआम घूमना कितना मुश्किल है। अपनी आत्मकथा 'ब्लैक एंड व्हाइट' में टेलर ने एक घटना का वर्णन किया है, जहां वह द्रविड़ के साथ बाघ देखने के लिए रणथंभौर नेशनल पार्क गए थे। तब उन्हें अनुभव हुआ था कि कैसे आम जनता एक दुर्लभ बाघ को देखने के बजाय द्रविड़ में अधिक रुचि दिखा रहा थे। टेलर बताते हैं- मैंने द्रविड़ से पूछा कि आपने कितनी बार बाघ देखा है उन्होंने कहा कि मैंने कभी बाघ नहीं देखा। मैं 21 बार जंगल सफारी पर गया हूं और एक भी बाघ नहीं देखा। मैंने सोचा क्या? बाघ नहीं देखने पर भी 21 सफारी सच बताऊं तो अगर यह बात मुझे पता होती, तो मैं उनके साथ नहीं जाता। मैं द्रविड़ से कहता- नहीं शुक्रिया! मैं डिस्कवरी चैनल देख लूंगा। टेलर बताते हैं- जेकब ओरम सुबह बाहर गया था। उन्हें सफारी पर आने की कोई खुशी नहीं थी। टीवी पर कोई बेसबॉल मैच था जिसे वह देखना चाहता था। इसलिए वह हमारे साथ दोपहर की सफारी पर नहीं आया। हमारे ड्राइवर को एक सहयोगी से यह कहने के लिए रेडियो कॉल आया कि उन्हें एक प्रसिद्ध बाघ टी-17 मिल गया है। यह सुनकर द्रविड़ रोमांचित हो उठे। बिना बाघ देखे 21 सफारी पर जाने के बाद आखिर वह दिखने वाला था। टेलर बताते हैं- हम खुली एसयूवी में थे, जो कि लैंड रोवर्स की तुलना में थोड़ी बड़ी होती है। बाघ एक चट्टान पर था, हमसे 100 मीटर दूर। हम जंगल में एक बाघ को देखकर स्तब्ध थे, लेकिन दूसरे वाहनों में लोग बाघ देखने के बजाय राहुल पर अपना कैमरा टिकाए बैठे थे। वे बाघ की जगह द्रविड़ को देखकर उत्साहित थे। वे सभी उतने ही उत्साहित थे, जितना हम बाघ को देखकर थे। शायद दुनिया भर में लगभग 4000 बाघ हैं, लेकिन राहुल द्रविड़ केवल एक है।






# पूर्व पाकिस्तानी स्पिनर ने कहा- इस भारतीय खिलाड़ी का बल्ला चला, तो बाबर एंड कंपनी का जीतना मुश्किल

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।**भारत और पाकिस्तान की टीम 28 अगस्त को एशिया कप टी-20 टूर्नामेंट में भिड़ेंगी। इसके लिए दोनों टीमें जमकर तैयारी कर रही हैं। भारत के जहन में अब भी पिछले साल टी-20 वर्ल्ड में पाकिस्तान से मिली 10 विकेट से हार की यादें ताजा होंगी। अब ऐसे में रोहित शर्मा की टीम एशिया कप में उस हार का बदला लेना चाहेगी। बीसीसीआई ने एशिया कप के लिए भारत के सभी सीनियर खिलाड़ियों को टीम में चुना है। ज्यादातर खिलाड़ी वही हैं जो पिछले साल टी-20 वर्ल्ड कप में खेले थे। ऐसे में भारतीय फैन्स को भी टीम इंडिया से काफी उम्मीदें होंगी। हालांकि, भारतीय टीम में मौजूद विराट कोहली का फॉर्म जरूर चिंता का विषय रहा है। वह पिछले लगभग तीन साल से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शतक नहीं लगा पाए हैं। विराट का फॉर्म पिछले काफी समय से चर्चा का विषय रहा है। कई लोग तो टी-20 में उन्हें टीम से बाहर करने की भी मांग कर रहे हैं। वहीं, कई फैन्स अपने इस स्टार बैटर को पाकिस्तान के खिलाफ रन बनाते देखना चाहते हैं। पिछले साल टी-20 वर्ल्ड कप में भी जब पाकिस्तान के खिलाफ सभी भारतीय बल्लेबाज फ्लॉप हुए थे तो विराट ने अर्धशतकीय पारी खेली थी। पाकिस्तान के पूर्व स्पिनर दानिश कनेरिया ने विराट को लेकर अपनी टीम को चेतावनी दी है और उन्हें हल्के में लेने के लिए नहीं कहा है। कनेरिया ने कहा है कि एशिया कप विराट के लिए फॉर्म में वापसी करने का बेहतरीन मौका है और इसके बाद टी-20





वर्ल्ड कप भी खेला जाना है। कनेरिया ने कहा- अगर विराट खुद को टी-20 वर्ल्ड कप की टीम में देखना चाहते हैं तो उन्हें एशिया कप में बड़े स्कोर बनाने होंगे। उन्हें कैसे भी करके परफॉर्म करना होगा। कनेरिया ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा- आप किसी बोझ को लेकर ट्रैवल नहीं कर सकते। उसके बाद उसे बेंच पर बैठा देना और भी मुश्किल है। पाकिस्तान को मनाना होगा कि विराट कोहली का खराब फॉर्म जारी रहे। अगर विराट अपने रंग में लौटते हैं तो पाकिस्तान के लिए मुश्किलें खड़ी कर सकते हैं। वह फॉर्म में लौटते हैं तो किसी भी टीम के लिए खतरा बन जाएंगे। कनेरिया ने पाकिस्तान के स्टार तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी के फॉर्म को लेकर भी बात की। अफरीदी फिलहाल घुटने की चोट से जूझ रहे हैं और उनके एशिया कप में खेलने पर संशय बना हुआ है। पिछले साल टी-20 वर्ल्ड कप में अफरीदी ही भारत के लिए खतरा बने थे और अपने शुरुआती दो ओवरों में रोहित शर्मा और केएल राहुल को चलता किया था। कनेरिया ने कहा- शाहीन का फॉर्म अब भी है, लेकिन जैसा की मैंने पहले कहा था, उन्हें हर मैच नहीं खिलाना चाहिए। कनेरिया ने कहा- इससे उसके अनफिट होने का खतरा रहता है। वह अभी पाकिस्तान टीम के साथ नीदरलैंड गए हैं। उनकी फिटनेस देखने वाली बात होगी। अगर शाहीन एशिया कप से बाहर होते हैं तो यह पाकिस्तान के लिए बुरी खबर है। वहीं भारत के लिए यह खुशी की बात होगी। भारत के पास एशिया कप में टॉप ऑर्डर में कुछ नया करने का मौका होगा। पाकिस्तान के खिलाफ मैच में ऋषभ पंत रोहित के साथ ओपनिंग कर सकते हैं। पाकिस्तान शाहीन पर शुरुआत में विकेट निकालने के लिए निर्भर रहता है। ऐसे में भारत को शाहीन का तोड़ निकालना होगा।

# पूर्व दिग्गज पेसर ने कहा भारत का पाकिस्तान पर पलड़ा भारी, यह वर्ल्ड क्लास ऑलराउंडर है

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** चार साल के गैप के बाद एशिया कप टूर्नामेंट वापसी को तैयार है। इस बार यह टूर्नामेंट यूएई में खेला जाएगा। इसकी शुरुआत 27 अगस्त से होगी। वहीं, भारत और पाकिस्तान की टीमें 28 अगस्त को एक-दूसरे के खिलाफ अपना पहला मैच दुबई में खेलेंगी। पिछली बार जब यह दोनों टीमें आमने-सामने आई थीं तो पाकिस्तान ने भारत को 10 विकेट से हराया था। यह मैच पिछले साल टी-20 वर्ल्ड कप में दुबई के मैदान पर ही खेला गया था। हालांकि, अब समय काफी बदल चुका है। तब भारत के कप्तान विराट कोहली थे और अब रोहित शर्मा टीम की कमान संभाल रहे हैं। भारतीय टीम पिछले टी-20 वर्ल्ड कप के बाद से अब तक टी-20 सीरीज में अजेय है। ऐसे में इस बार पाकिस्तान के लिए जीतना आसान नहीं रहने वाला है। पाकिस्तान के पूर्व दिग्गज तेज गेंदबाज आकिब जावेद ने दोनों टीमों में अंतर को लेकर बयान दिया है। 1992 में वर्ल्ड कप जीतने वाली पाकिस्तान टीम का हिस्सा रहे आकिब ने एक टीवी चैनल से बात करते हुए कहा कि दोनों टीमों के मिडिल ऑर्डर बैटिंग लाइन अप में काफी अंतर है। आकिब को लगता है दोनों टीमों के पास टॉप ऑर्डर में कई मैच विनर्स मौजूद हैं, लेकिन मिडिल ऑर्डर में भारत के पास एक ऐसा खिलाड़ी है, जो अंतर ला सकता है। यह खिलाड़ी कोई और नहीं, बल्कि हार्दिक पांड्या हैं। आकिब ने कहा- दोनों टीमों के बीच का अंतर उनकी बल्लेबाजी में है। भारत की बल्लेबाजी अभी भी अधिक अनुभवी है। अगर रोहित शर्मा जैसा बल्लेबाज क्लिक करता है, तो वह अकेले दम पर भारत के लिए मैच जीत सकता है। इसी तरह फखर जमान के साथ है। अगर वह संयम से खेलता है तो पाकिस्तान के लिए मैच जीत सकता है। हालांकि, भारत और पाकिस्तान के मध्यक्रम क्रम में काफी अंतर है। साथ ही भारत के ऑलराउंडर्स ज्यादा मजबूत हैं। इससे फर्क पड़ता है। पाकिस्तान के पास हार्दिक पांड्या जैसा ऑलराउंडर नहीं है। हार्दिक उस भारतीय टीम का हिस्सा थे जो पिछले साल अक्तूबर में दुबई में पाकिस्तान से हारी थी। हालांकि, तब भारत का यह स्टार केवल एक बल्लेबाज के तौर पर खेल रहा था। पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान की बल्लेबाजी के वक्त भारत को छठे गेंदबाज की कमी खली थी। टी-20 वर्ल्ड कप के बाद हार्दिक टीम इंडिया से दूर हो गए और रिहैब में चले गए। उन्होंने खुद को चयन के लिए अनुपलब्ध कर दिया। हार्दिक इसके बाद आईपीएल 2022 में एक्शन में लौटे, जहां उन्होंने फिर से ऑलराउंडर के रूप में खेलने की अपनी क्षमता दिखाई। अपने प्रभावशाली प्रदर्शन के बाद, हार्दिक ने एशिया कप के लिए टीम में जगह बनाई और ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप के लिए भी अपना दावा ठोक दिया है। इसके अलावा वह भारतीय टीम की कमान भी संभाल चुके हैं।



# चेन्नई सुपरकिंग्स के मेंटर नहीं होंगे धोनी बीसीसीआई ने नहीं दी अनुमाति

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** चेन्नई सुपरकिंग्स के मेंटर नहीं होंगे धोनी, बीसीसीआई ने नहीं दी अनुमति, जानें पूरा मामलाआईपीएल में चार बार की चैंपियन चेन्नई सुपरकिंग्स की टीम ने दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट लीग में भी टीम खरीदी है। टीम के मालिक महेंद्र सिंह धोनी को मेंटर बनाना चाहते थे, लेकेन उनका यह सपना टूट सकता है। खबरों के अनुसार बीसीसीआई इसके लिए चेनन्ई की टीम को अनुमित नहीं देगा। धोनी फिलहाल चेनन्ई के कप्तान हैं और उनकी अगुआई में टीम चार बार खिताब जीत चुकी है। दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट में चेनन्ई के मालिक धोनी को अपनी टीम का मेंटर बनाना चाहते हैं, लेकिन बीसीसीआई अपने खिलाडियों को विदेशी टी20 लीग में शामिल होने की अनुमति नहीं देता है। इसी वजह से धोनी को दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट लीग में चेनन्ई का मेंटर बनने की अनुमति मिलना बेहद मुश्किल हैं। इस लीग में सभी छह फ्रेंचाइजी आईपीएल की टीमों ने खरीदी हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार बीसीसीआई के एक अधिकारी ने कहा है कि अगर कोई भी भारतीय खिलाड़ी किसी विदेशी लीग में शामिल होना चाहता है तो उसे अनुबंध करने से पहले बीसीसीआई के साथ हर तरह का अनुबंध खत्म करना होगा। इसके बाद ही वह विदेशी लीग में किसी तरह का करार कर सकेगा। क्या बोले अधिकारी बीसीसीआई अधिकारी ने कहा यह साफ है। घरेलू खिलाडियों सहित अगर कोई भी भारतीय खिलाड़ी विदेशी टी20 लीग का हिस्सा बनना चाहता है तो उसे बीसीसीआई के साथ अपने सभी संबंध खत्म करने होंगे हालांकि, धोनी दो साल पहले ही भारतीय क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं। दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट लीग में खेलने के लिए धोनी को आईपीएल से भी संन्यास लेना होगा और बीसीसीआई के साथ सभी संबंध खत्म करने होंगे। ऐसा होने की संभावना बेहद कम है। कार्तिक को मांगनी पड़ी थी माफी साल 2019 में दिनेश कार्तिक ने कैरिबियन प्रीमियर लीग में त्रिनिबागो नाइट राइडर्स के डगआउट में बैठकर एक मैच देखा था। कोलकाता के नए कोच ब्रेंडन मैक्कुलम ने उन्हें यह मैच देखने के लिए आमंत्रित किया था। इस मामले में कार्तिक को बाद में बीसीसीआई से माफी मांगनी पड़ी थी। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर एडम गिलक्रिस्ट भी इस मामले में अपनी नाराजगी जाहिर कर चुके हैं। गिलक्रिस्ट ने कहा था कि वो आईपीएल की आलोचना नहीं कर रहे हैं, लेकिन क्यों भारतीय खिलाड़ी बिग बैश लीग में नहीं खेल सकते हैं। उन्हें कभी भी इस सवाल का उचित जवाब नहीं मिला।



# राशीफल

मेष-:परिवर्तन और आत्मनिरीक्षण इस अवधि के दौरान सफलता की कुंजी है। आज आपको गुणवत्ता और प्रदर्शन पर जोर देना होगा।

वृष-:आज आपको करियर के मामले में कोई बड़ी सफलता मिलेगी. कार्यक्षेत्र में धन लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। आज आप कुछ ऐसे लोगों से जुड़ेंगे जो आपकी हर तरह से मदद के लिए तैयार रहेंगे।

मिथुन-:आज धार्मिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी. कुछ लोगों के लिए आकस्मिक यात्रा व्यस्त और तनावपूर्ण होगी। कार्यस्थल पर कार्यभार में तेजी से वृद्धि देखने को मिल सकती है।

कर्क-:आज आप अपने भविष्य और स्वास्थ्य को लेकर अधिक उत्सुक रहेंगे और सही लोगों से सलाह लेंगे. प्रचुर मात्रा में आर्थिक लाभ होने के संकेत हैं।

सिंह-:आज कार्यस्थल पर स्थिति अनुकूल रहेगी, लेकिन कुछ भी बोलते समय आपको सावधान रहना चाहिए. आप कुछ कहना चाहते हैं, लेकिन कुछ और कहेंगे। इससे आपके आसपास के लोगों को कुछ गलतफहमी भी हो सकती है।

कन्या-:आपका ज्ञान और हास्य आपके आसपास के लोगों को प्रभावित करेगा. आप अपनी मानसिक स्थिति में उल्लेखनीय सुधार देख सकते हैं। यात्रा करने के लिए यह दिन आपके लिए बेहद खास रहने वाला है।

तुला-:लंबे समय से प्रतीक्षित कानूनी मामले का अचानक लिया गया फैसला आपको हैरान कर देगा। परिवार आपके लिए प्राथमिक है और आप उन्हें खुश करने के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं।

वृश्चिक-:आज आपके वैवाहिक संबंधों के बीच की दूरियां खत्म होंगी. वहीं रिश्तों में मधुरता बनी रहेगी, लेकिन किसी व्यावसायिक मामले को लेकर आप परेशान हो सकते हैं।

धनु-:आज आपको परिवार वालों का पूरा सहयोग मिलेगा. आपके लिए कुछ फैसलों में सटीकता हो सकती है। आत्मविश्वास से जोखिम भरे कार्यों में सफलता मिल सकती है।

मकर-:आज के दिन आप तर्क-वितर्क और जिद्दी हो सकते हैं. आप खुद को कठिन परिस्थितियों में पा सकते हैं। जहां तक हो सके वाद-विवाद से दूर रहें। परिवार के सदस्य तीर्थ यात्रा पर जा सकते हैं।

कुंभ-:आज आपको कार्यक्षेत्र में वृद्धि के कुछ नए अवसर प्राप्त होंगे. आपको उधार दिया हुआ पैसा अचानक वापस मिलेगा। जीवनसाथी के साथ डिनर कर सकते है। रिश्तों में सकारात्मकता आएगी।

मीन-:आज आपका दिन सुकून भरा रहेगा मनोरंजन और पढ़ाई के क्षेत्र में समय व्यतीत होगा. आपके काम को लेकर कोई नई योजना बन सकती है।


# सम्पादकीय

## भारत में स्वास्थ्य सेवा सुधार के 75 साल, 'विश्व स्वास्थ्य-गुरु' बनने का लक्ष्य कितना दूर

आजादी के बाद शिशु मृत्युदर में महत्वपूर्ण कमी और जीवन प्रत्याशा में सुधार को लेकर किए गए प्रयास के सुखद परिणाम देखे जा रहे हैं। 75 साल में हमने स्वास्थ्य क्षेत्र में क्या हासिल किया, क्या शेष रह गया, इसपर विचार करने के साथ हमें आजादी की स्वर्ण शताब्दी तक दुनिया में स्वास्थ्य के क्षेत्र में भारत के वर्चस्व का लक्ष्य लेकर काम करने की आवश्यकता है। देश इस साल 2022 में आजादी के 75 साल पूरे कर रहा है। 15 अगस्त 1947 का सूरज देश के लिए नई आशाओं और उम्मीद के प्रकाश के साथ उदित हुआ था। अब भारत अपने लिए निर्णय लेने को स्वतंत्र था। प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के नेतृत्व में देश ने सर्वांगीण विकास के पथ पर कई सारी उम्मीदों और योजनाओं के साथ कदम रखा था। सन 1947 के बाद से अब तक हमने विभिन्न क्षेत्रों में दुनिया में नाम कमाया। आजादी के 75 साल में कुछ क्षेत्रों में हम विश्व में अग्रणी रहे, कुछ में इसी लक्ष्य के साथ निरंतर प्रयासरत हैं। भारत विश्वगुरु के सपने और सर्वश्रेष्ठ नेतृत्वकर्ता के लक्ष्य के साथ विकास के पथ पर अग्रसरित है। आजादी के 75 साल पूरे होने के इस वर्ष को देश 'अमृत महोत्सव' के रूप में मना रहा है। आजादी के अमृत महोत्सव का मतलब नए विचारों, नए संकल्पों और आत्मनिर्भरता का अमृत है। 'आजादी का अमृत महोत्सव' प्रगतिशील भारत की आजादी के 75 साल और इसकी संस्कृति और उपलब्धियों के गौरवशाली इतिहास को मनाने के लिए भारत सरकार की एक पहल है। आइए इस खास अवसर पर हम भारत के स्वास्थ्य क्षेत्र की प्रगति पर नजर डालते हैं। इन 75 वर्षों में क्या हम स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए निर्धारित और आवश्यक लक्ष्य तक पहुंच पाए हैं, कितना पाया-कितना शेष और आने वाले वर्षों में किस प्रकार के प्रयास और सुधार की आवश्यकता है जिसके आधार पर भारत स्वास्थ्य के क्षेत्र में विश्व के लिए मिसाल बन सवे स्वास्थ्य क्षेत्र में हमने कितनी प्रगति की इसकी तुलना 1947 और 2022 में करना उचित नहीं है, इसीलिए हम क्रमवार इसपर चर्चा करेंगे। साल 1951 की जनगणना के अनुसार, भारत की जनसंख्या महज 36.1 करोड़ थी, जबकि अब 138 करोड़ से अधिक है, ऐसे में दोनों की तुलना वाजिब भी नहीं है। जब देश आजाद हुआ उस समय साक्षरता दर 18.33 थी। स्वास्थ्य को लेकर कई प्रकार की चुनौतियां थी, उसके सापेक्ष संसाधन न के बराबर, देश अभी तो आजाद हुआ था, इस दौरान कुल जीवन प्रत्याशा 32 वर्ष ही थी। शिशु मृत्यु दर 145.6/1000 के करीब थी जो लंबे समय तक देश के लिए बड़ी चुनौती बनी रही। सबसे महत्वपूर्ण, पूरे देश में 50,000 से भी कम डॉक्टर्स और प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल केंद्रों की संख्या 725 के करीब थे। सरकार के सामने इस अति आवश्यक क्षेत्र में बड़ी चुनौतियां थीं, जिसपर समय के साथ काम शुरू हुआ। पिछले 75 वर्षों में हमारे स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रगति पर नजर डाली जाए तो पता चलता है कि शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों (प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं और सामुदायिक स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं) के बुनियादी ढांचे में सुधार हुआ है। 1951 के बाद से डॉक्टरों की संख्या में नौ गुना वृद्धि हुई है। पर अब भी बहुत कुछ शेष है। 1950-60 का दौर और स्वास्थ्य संकट साल 1950-60 का दशक अमेरिका जैसे कई देशों के लिए काफी चुनौतीपूर्ण रहा, 1957 में एशियन फ्लू का प्रकोप था। फ्लू के इस संक्रमण को इसलिए भी काफी विपदाकारक माना जा रहा था क्योंकि इससे पहले 1918 में फैले विश्वव्यापी फ्लू के कारण, प्रथम विश्व युद्ध (1914-18) से भी अधिक संख्या में लोगों की मौत हो चुकी थी। मई 1957 में भारत में भी इसका असर देखा गया। मई 1957 से लेकर फरवरी 1958 के बीच यह देश के लिए मुसीबतों के पहाड़ के रूप में टूटा, इस दौरान 44.51 लाख लोग संक्रमित हुए जिसमें से करीब 1100 की मौत हो गई। भारत के लिए स्वास्थ्य से संबंधित चुनौतियां लगातार बढ़ती रहीं। चेचक, प्लेग, हेपेटाइटिस और पोलियो ने देश की संभलती स्वास्थ्य व्यवस्था के सामने समय-समय पर नई चुनौतियां पेश की। 1990 के दशक तक भारत में पोलियो की समस्या गंभीर बनी रही, हालांकि इस दिशा में तेजी से काम करते हुए जन-जन तक इस लड़ाई में शामिल होने की अपील की गई।

# आजादी के अमृत वर्ष में गांधी के सबक

महात्मा गांधी ने आजादी के बाद नए भारत के निर्माण के लिए कुछ बुनियादी सिद्धांत बताए थे। पहला यह कि सामान्य आदमी और सबसे ऊपर के आदमी के बीच के भेद को निरंतर खत्म किया जाए। आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर पूरे देश में उत्सव का माहौल बनाया गया है, जो निश्चित रूप से अच्छी बात है। लेकिन आज हम जिन परिस्थितियों से गुजर रहे हैं, वह गंभीर चिंतन का विषय है। आजादी के बाद हमारे राष्ट्र निर्माताओं ने जिस नए भारत के निर्माण का कार्य शुरू किया था, उसकी बुनियाद में आम आदमी था, अंतिम आदमी था। विकास का हर कदम उस अंतिम आदमी को ध्यान में रखकर उठाया जाना था। इसलिए महात्मा गांधी ने अभिजात कांग्रेस को आम आदमी की कांग्रेस बनाया, जिसमें बड़े पैमाने पर जनभागीदारी सुनिश्चित की गई। उसका उद्देश्य यह था कि सत्य और अहिंसा की बुनियाद पर आम आदमी को संगठित करके अंग्रेजों से जो स्वराज हासिल किया जाएगा, वह स्थायी स्वराज होगा। अपने रचनात्मक आंदोलनों द्वारा, सविनय अवज्ञा आंदोलन के जरिये उन्होंने भारत की जनता के मन में यह भरोसा जगाया था, जिसका प्रभाव अगस्त क्रांति में दिखाई पड़ा था। आठ अगस्त, 1942 को कांग्रेस ने एक प्रस्ताव पारित कर यह घोषित किया था कि हम जिस आजादी के लिए लड़ रहे हैं, वह आजादी किसी एक जाति, एक समूह, एक धर्म या आर्थिक समृद्धि वाले एक समूह की



नहीं होगी, बल्कि देश के हरेक नागरिक के लिए होगी। लेकिन आज हम देखते हैं कि जो भावना, जो उमंग, उत्साह आजादी को लेकर था, वह आम लोगों में नहीं रह गया है। वह उमंग राज चलाने वालों और राज चलाने की आकांक्षा रखने वालों में तो है, लेकिन आम नागरिकों में नहीं है। इसकी वजह है कि आज बेरोजगारी चरम पर है। वोट के लिए समाज को बांटा जा रहा है। सामाजिक समरसता खत्म होती जा रही है। महंगाई ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है और सबसे बड़ी बात यह है कि बालिग मताधिकार के जरिये आम लोगों को जो अधिकार दिया गया था कि वह सत्ता का नियंत्रक होगा, वह आज याचक बना गया है और राज्य सत्ता द्वारा नियंत्रित हो रहा है। यह स्थिति देखकर मेरे जैसे गांधीजन के मन में यह सवाल उठता है कि क्या मुट्ठी भर लोगों के लिए आजादी की लड़ाई लड़ी थी हमारे पूर्वजों ने। यह चिंतन का विषय है कि इस देश की आम जनता को वास्तविक रूप में आजादी का एहसास कब होगा और आम नागरिक लोकतंत्र में कब निर्णायक बन पाएगा! इसलिए गांधी विचार के एक कार्यकर्ता के नाते मेरी अपील है कि जिस लोकतंत्र की अवधारणा लेकर हम आगे बढ़े थे, उसके लोक को जागृत और संगठित किया जाए कि वह याचक न रहे, बल्कि इस व्यवस्था का नियंत्रक हो सके महात्मा गांधी ने आजादी के बाद नए भारत के निर्माण के लिए कुछ बुनियादी सिद्धांत बताए थे। पहला यह कि सामान्य आदमी और सबसे ऊपर के आदमी के बीच के भेद को निरंतर खत्म किया जाए। उनका सपना था कि गांव-गांव में कृषि और ग्रामोद्योग के आधार पर एक स्वायत्त आर्थिक व्यवस्था होगी, जिसमें भुखमरी, बेरोजगारी नहीं होगी और लोग अपने ईमान और मेहनत से कमाई रोटी खाएंगे। स्वस्थ और संतुलित जीवन जिएंगे। उन्होंने स्पष्ट कहा था कि पश्चिम की जो तथाकथित औद्योगिक क्रांति हमें आकर्षक दिखाई देती है, वह अंततः हमें विनाश की ओर ले जाएगी। आज वही सब प्रत्यक्ष दिख रहा है। आज एक देश, दूसरे देश पर वर्चस्व बनाने की कोशिश कर रहा है और इसमें सबसे ज्यादा फायदा वह देश उठा रहा है, जो हथियारों का सबसे अधिक निर्माण करता है। उन्होंने कहा था कि यह जो विकास की अंधी दौड़ है, वह विनाश की ओर ले जाती है, जिसमें भारत को नहीं पड़ना चाहिए। बहुत से लोग यह गलतफहमी पैदा करते हैं कि गांधी प्रौद्योगिकी के खिलाफ थे। यह बिल्कुल गलत बात है। गांधी वैसी टेकनेलॉजी चाहते थे, जो मनुष्य की कुशलता, उसकी उत्पादकता और रचनात्मकता को मशीन द्वारा खत्म न कर दे। इसी कारण आज बेरोजगारी बढ़ती जा रही है। आज देश में एक तरफ अरबपतियों की संख्या बढ़ रही है, दूसरी तरफ गरीबी में जीने वाले लोगों की संख्या निरंतर बढ़ती जा रही है। गांधी जी ने काफी सोच-विचार कर कहा था कि गांव की बुनियाद पर ही स्वराज की नई रचना होगी, जिसमें गांवों का पुनर्निर्माण किया जाएगा, गांवों की आर्थिक व राजनीतिक स्वायत्तता होगी और सांस्कृतिक विकास होगा और इस तरह एक नया भारत बनेगा, जो स्वायत्त ग्राम गणराज्यों का एक महासंघ होगा। अफसोस कि हम गांधी के मार्ग पर नहीं चल सके, बल्कि आज तो उनके कद को छोटा करने की भी कुत्सित कोशिश होने लगी है। लेकिन गांधी भारतीय इतिहास के ऐसे महापुरुष हैं, जो भारतीय राजनेताओं के लिए मजबूरी बन गए हैं। उनके विचारों पर चलना कठिन है, लेकिन उनसे पीछा भी नहीं छुड़ाया जा सकता। गांधी के बताए मार्गों पर चलकर ही हम अपने देश, अपने लोकतंत्र का विकास कर सकते हैं। आजादी के इस अमृत वर्ष में अगर हम अपनी रीतियों-नीतियों की समीक्षा करें और गांधी के विचारों के आधार पर लोकतांत्रिक मूल्य व्यवस्था कायम करने की कोशिश करें, तो न केवल देश का विकास होगा, बल्कि अंतिम आदमी को नियंत्रक बनने का वास्तविक हक हासिल हो पाएगा।

# आजादी को समृद्ध बनाती प्रौद्योगिकी

प्रधानमंत्री मोदी ने 15 अगस्त, 2015 को डिजिटल इंडिया और स्टार्ट-अप इंडिया का आह्वान किया था। तबसे भारत में डिजिटलीकरण की विशेष प्रगति हुई है। जैसा कि भारत आजादी के अमृत महोत्सव समारोहों के साथ आजादी की 75वीं वर्षगांठ का जशन मना रहा है, प्रौद्योगिकी ने निस्संदेह इसे एक रोमांचक आयाम दिया है, क्योंकि हम अगले 25 वर्षों यानी 2047 तक के बारे में सोच रहे हैं। हालांकि देश ने 1947 में ही अपनी राजनीतिक स्वतंत्रता हासिल कर ली, लेकिन नागरिकों ने 1991 में उदारीकरण और सुधारों के बाद ही सामूहिक रूप से आर्थिक आजादी का एहसास करना शुरू किया। उदारीकरण के बाद भारत की नॉमिनल जीडीपी 1991 के 275 अरब डॉलर से बढ़कर 2022 में 30.16 खरब डॉलर हो गई, जो डॉलर के संदर्भ में 8.2 फीसदी की जबर्दस्त चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) है। भारत के जबर्दस्त विकास में देश के उद्यमी वर्ग के सामूहिक प्रयास का महत्वपूर्ण योगदान है-जो 1991 में मुक्त हुआ और रोमांचक अवसरों का लाभ उठाने के लिए स्वतंत्र हो गया। विशेष रूप से, आईटी उद्योग और अन्य प्रौद्योगिकी-आधारित उपक्रमों ने भारत के विकास को प्रेरित किया है और आने वाले दशकों में इसमें तेजी लाने के लिए तैयार हैं। आज भारत वैश्विक स्तर पर किसी भी अन्य क्षेत्र की तुलना में इस क्षेत्र में वर्चस्व बनाए हुए है। दुनिया की शीर्ष 10 आईटी कंपनियों (वैश्विक बाजार मूल्य के आधार पर) में से पांच भारतीय हैं। शीर्ष पांच कंपनियों में तीन भारतीय हैं। शीर्ष दस कंपनियों में कार्यरत 30 लाख से ज्यादा लोगों में से 21 लाख 95 लाख लोगों में से 35 लाख भारतीय हैं। भारत ने सॉफ्टवेयर के क्षेत्र में, विशेष रूप से सेवाओं में, मानव पूंजी का जो निर्माण किया है, वह चौंका देने वाला है। उदारीकरण के बाद आईटी सेवा



देश 175 अरब डॉलर के सॉफ्टवेयर का निर्यात करता है, इस क्षेत्र में 51 लाख लोग कार्यरत हैं और इसमें 60 फीसदी वैश्विक सॉफ्टवेयर आउटसोर्सिंग बाजार शामिल है। भारतीय हैं। यहां तक कि 60 लाख सॉफ्टवेयर कर्मचारियों वाले अमेरिका में भी 10 लाख भारतीय हैं। वैश्विक स्तर पर अमेरिकी कंपनियों के लिए काम करने वाले उद्योग में तेजी से वृद्धि का कारण यह था कि हार्डवेयर पर उच्च सीमा शुल्क और आयात शुल्क समाप्त कर दिया गया था। इससे उद्यमियों का एक असाधारण वर्ग उभरा। और यह चलन आज भी जारी है, क्योंकि भारत के स्टार्ट-अप इको सिस्टम को अभूतपूर्व रूप से सफल आईटी उद्योग के कंधों पर आगे ले जाया गया है। हमारे देश में 75,000 से अधिक स्टार्ट-अप हैं, जो संयुक्त रूप से 450 अरब डॉलर की पूंजी का निर्माण करते हैं, इनमें से 105 यूनिकॉर्न हैं। वर्ष 2014-2021 के बीच लगभग 120 अरब डॉलर की पूंजी इस क्षेत्र में आई, और मौजूदा 2022 की पहली छमाही में, पहले ही भारतीय स्टार्ट-अप्स द्वारा 16 अरब डॉलर जुटाए गए हैं। भारत 2022-25 की समय सीमा में अतिरिक्त 120-150 अरब डॉलर की पूंजी जुटा सकता है, जिससे 2025 के अंत तक एक संयुक्त आईटी क्षेत्र का मूल्य 10 खरब डॉलर और 250 यूनिकॉर्न के करीब हो जाएगा। देश अभी अमेरिका और चीन के बाद दुनिया के तीसरे सबसे बड़े स्टार्ट-अप का घर है, जो जल्द ही दूसरे स्थान पर आने की राह पर है। प्रधानमंत्री मोदी ने 15 अगस्त, 2015 को डिजिटल इंडिया और स्टार्ट-अप इंडिया का आह्वान किया था। तबसे भारत में डिजिटलीकरण की विशेष प्रगति हुई है। भारत डिटिजलीकरण के मामले में वैश्विक अग्रणी बनकर उभरा है। सार्वजनिक-निजी भागीदारी मॉडल ने भारत में डिजिटल पहुंच को लोकतांत्रिक बना दिया है और 1.4 अरब भारतीयों की उंगलियों ने डिजिटल समावेशन को संभव बनाया है। आज भारत निस्संदेह दुनिया की शीर्ष तीन डिजिटल शक्तियों में से एक है। यह देश के उद्यमी वर्ग और पिछले 30 वर्षों में विभिन्न पार्टियों की सरकारों की सक्रिय नीतियों का उत्पाद है। आज जब देश की स्वतंत्रता की 100वीं वर्षगांठ मनाने के लिए भारत अगले 25 वर्षों की ओर देख रहा है, तो यह कहना सही होगा कि भारत दुनिया के डिजिटलीकरण और प्रौद्योगिकी लोकतंत्रीकरण आंदोलन के केंद्र में होगा। राष्ट्र यह भी सुनिश्चित करेगा कि डिजिटलीकरण भारत की सामाजिक-आर्थिक उपलब्धियों को रेखांकित करता रहे। विश्व स्तर पर भारत के तकनीकी नेतृत्व को मजबूत करने और बनाए रखने के लिए उच्च शिक्षा में निवेश करने की आवश्यकता है। राष्ट्र को विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में डॉक्टरेट और परासनतक विद्वानों की संख्या बढ़ाकर विशेषज्ञ तैयार करने पर ध्यान देना चाहिए।

# हर घर तिरंगे को लेकर उत्साह, स्वाधीनता आन्दोलन को याद रखना भी जरूरी

हमारा यह जोशोखरोश भी तब तक बेमानी है जब तक कि हम अंग्रेजों की 'बांटो और राज करो' वाली नीति को ध्यान में नहीं रखते, क्योंकि इस राष्ट्र की एकता, अखण्डता और समृद्धि के लिए राष्ट्रीय एकता की आवश्यकता है। आजादी की 75वीं वर्षगांठ पर मनाए जा रहे अमृत महोत्सव के तहत आज सारा राष्ट्र तिरंगामय है। आजादी के बाद भारत की आन, बान और शान के प्रतीक राष्ट्रीय ध्वज के प्रति इतना जोशोखरोश पहली बार नजर आ रहा है। हालांकि इस अभियान में दिखावा भी काफी हो रहा है, लेकिन तिरंगे के प्रति यह उत्साह तब तक अर्थहीन है जब तक कि हम स्वाधीनता आन्दोलन के उस संघर्ष को याद नहीं करते जिसके फलस्वरूप हम आजादी का सुख भोग रहे हैं। हमारा यह जोशोखरोश भी तब तक बेमानी है जब तक कि हम अंग्रेजों की 'बांटो और राज करो' वाली नीति को ध्यान में नहीं रखते, क्योंकि इस राष्ट्र की एकता, अखण्डता और समृद्धि के लिए राष्ट्रीय एकता की आवश्यकता है। भारत के 75 वें स्वतंत्रता दिवस पर, आइए एक नजर डालते हैं आजादी के संघर्ष के उस घटनाक्रम पर। अंग्रेजों के खिलाफ 1857 में पहला विद्रोह विदित ही है कि अंग्रेजों ने बांटो और राज करो नीति के तहत सन् 1757 में मीर जाफर की मदद से शिराजुद्दौला को हरा कर प्लासी का युद्ध जीता और उसके बाद 1764 में बक्सर का युद्ध जीतने के साथ ही ईस्ट इंडिया कंपनी ने 1765 में बंगाल प्रेसिडेंसी की स्थापना कर भारत की सरजमीं कब्जानी शुरू की। सन् 1857 तक कंपनी की कलकत्ता, मद्रास और बम्बई, तीन प्रसिडेंसियों के साथ ही एक फ्रण्टियर प्रान्त भी था। कंपनी शासन की ज्यातातियों के खिलाफ 1857 में सैन्य विद्रोह हुआ ईस्ट इंडिया कंपनी के सेवारत भारतीय सैनिकों द्वारा मेरठ में शुरू हुआ यह विद्रोह दिल्ली, आगरा, कानपुर और लखनऊ तक फैल गया। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का उदय स्वाधीनता आन्दोलन को नतृत्व देने वाली कांग्रेस की स्थापना सन् 1885 में हुई जिसका श्रेय एलन ऑक्टेवियन ह्यूम को जाता है, अन्य संस्थापकों में दादाभाई नरोजी और सुरेन्द्रनाथ बनर्जी आदि थे। एलेन ह्यूम 1857 की गदर के समय इटावा के कलक्टर थे, लेकिन उन्होंने ब्रिटिश सरकार की भारत नीति के खिलाफ 1882 में पद त्याग कर कांग्रेस यूनियन का गठन किया। उन्हीं की अगुआई में बॉम्बे में पार्टी की पहली बैठक हुई जिसमें व्योमेश चंद्र बनर्जी पहले अध्यक्ष बने। कांग्रेस के उदय के बाद भारत में मुस्लिम लीग के अलावा दूसरा राजनीतिक दल बन गया दक्षिण अफ्रीका में भारतीय समुदाय के लोगों के अधिकारों के लिए संघर्ष करने के बाद 1915 में मोहनदास करमचन्द गांधी की भारत वापसी हुई। उन्होंने यहां के किसानों, श्रमिकों और नगरीय श्रमिकों को अत्यधिक भूमि कर और भेदभाव के विरुद्ध आवाज उठाने के लिए एकजुट किया। 1921 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की बागडोर संभालने के साथ ही उन्होंने स्वाधीनता आन्दोलन की बागडोर भी संभाली ली। दिसम्बर 1916 में लखनऊ में कांग्रेस और मुस्लिम लीग के बीच एक समझौता हुआ जिसमें दोनों समुदायों द्वारा मिल कर सुशासन के लिए ब्रिटिश हुकूमत पर दबाव बनाने पर सहमति हुए लेकिन साथ ही मुस्लिम लीग की धार्मिक आधार पर प्रान्तीय असेंबलियों में प्रतिनिधित्व की बात मान ली गई, इसमें मोहम्मद अली जिन्ना की प्रमुख भूमिका थी। नील किसानों का आन्दोलन बंगाल में 1859 से चल रहा था। बिहार के बेतिया शासन की निषेधाज्ञा से अनजान हजारों भारतीय अमृतसर के जलियांवाला बाग मे जशन मनाने के लिए जमा हुए थे। ब्रिगेडियर-जनरल डायर ने सैनिकों को बुलाया और उन्हें सामूहिक सभा में 10 मिनट तक गोलियां चलाने का आदेश किया। आंदोलन अहिंसक था और लोगों ने ब्रिटिश सामान नहीं खरीदा, स्थानीय कारीगरों और हस्तशिल्प का समर्थन किया और शराब की दुकानों पर धरना दिया। जगह-जगह अंग्रेजी कपड़ों की होली जलाई गई। सन् 1922 में चैरी-चैरा पुलिस से मतभेद के कारण उन्होंने कांग्रेस छोड़ कर अलग राह अपना ली। वह 1941 में नाजी जर्मनी गए और 1943 में उन्होंने जपान के सहयोग से आजाद हिन्द फौज की स्थापना की। 18 अगस्त 1945 को एक कथित हवाई दुर्घटना में उनकी मृत्यु




और मोतिहारी में 1905-08 तक उग्र विद्रोह हुआ। 1917 में गांधीजी ने चंपारण के किसानों के विद्रोह का नेतृत्व किया। किसानों को नील उगाने के लिए मजबूर किया जा रहा था और उन्हें इसके लिए पर्याप्त मुआवजा भी नहीं दिया जा रहा था। गांधीजी ने चंपारण के किसानों की दयनीय परिस्थितियों से शासन को अवगत कराकर किसानों का शोषण और उत्पीड़न रुकवाया। जलियांवाला बाग नरसंहार वैशाखी के दिन 13 अप्रैल 1919 को ब्रिटिश दिया। सैनिकों ने मुख्य द्वार को भी बंद कर दिया था ताकि कोई भाग न सके। कई लोग खुद को बचाने के लिए कुएं में कूद गए। अंग्रेजों के आधिकारिक रिकॉर्ड के अनुसार, नरसंहार में 350 लोग मारे गए, लेकिन कांग्रेस का दावा था कि यह संख्या 1,000 लोगों के बराबर थी। यह वह घटना थी जिसने असहयोग आंदोलन को प्रेरित किया। 1920 में, महात्मा गांधी ने कांग्रेस की कमान संभाली और असहयोग आंदोलन शुरू स्टेशन में विरोध हिंसक होने पर गांधीजी ने आन्दोलन रोक दिय सुभाष चंद्र बोस की भारत वापसी सन् 1921 में सुभाष चंद्र बोस ने इंग्लैंड में आइसीएस की प्रतीष्ठित नौकरी छोड़ दी और लंदन से वापसी के कुछ समय बाद वह कांग्रेस में शामिल हो गए। उन्हें 1925 में जेल भेज दिया गया और 1927 में रिहा किया गया। वह 1938 में कांग्रेस के अध्यक्ष बने और 1939 में पुनः अध्यक्ष चुने गए। मगर आन्दोलन के तरीके को लेकर कांग्रेस नेतृत्व होने का दावा किया गया जिस पर आज तक भारतवारियों को विश्वास नहीं हुआ। राष्ट्र ध्वज और 26 जनवरी को पूर्ण स्वराज 31 दिसम्बर 1929 को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का वार्षिक अधिवेशन तत्कालीन पंजाब प्रांत की राजधानी लाहौर में हुआ। इस ऐतिहासिक अधिवेशन में कांग्रेस के 'पूर्ण स्वराज' का घोषणा-पत्र तैयार किया तथा 'पूर्ण स्वराज' को कांग्रेस का मुख्य लक्ष्य घोषित किया गया। जवाहरलाल नेहरू, इस अधिवेशन के अध्यक्ष चुने गए। इसी दिन नेहरू ने आधिकारिक तिरंगा झंडा फहराया। उसी दिन देशभर में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं और आम लोगों ने राष्ट्रध्वज फहराया। कांग्रेस ने भारत की जनता से छब्बीस जनवरी को स्वतंत्रता दिवस के रूप में मनाने की अपील की। 1930 का दांडी मार्च दांडी यात्रा या नमक सत्याग्रह, महात्मा गांधी के नेतृत्व में औपनिवेशिक भारत में अहिंसक सविनय अवज्ञा आन्दोलन था। चैबीस दिवसीय मार्च 12 मार्च 1930 से 6 अप्रैल 1930 तक ब्रिटिश नमक एकाधिकार के खिलाफ कर प्रतिरोध और अहिंसक विरोध के प्रत्यक्ष कार्रवाई अभियान के रूप में साबरमती आश्रम से दांडी समुद्र तट तक चला।आन्दोलनों के जरिए भारतवासियों के मूड को भांप कर भारत शासन अधिनियम 1935 बना जोकि एक तरह से भारत के वर्तमान संविधान का प्रमुख स्रोत है। भारत में सर्वप्रथम संघीय शासन प्रणाली की नींव रखी गई। संघ की दो इकाइयाँ थीं - ब्रिटिश भारतीय प्रांत तथा देशी रियासतें। संघीय व्यवस्था कभी अस्तित्व में नहीं आई क्योंकि देसी रियासतों ने इसमें शामिल होने से मना कर दिया। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान नेताजी सुभाष चन्द्र बोस ने ब्रिटिश शासन के खिला सशस्त्र संघर्ष चलाने के लिए 1943 में रंगून में आजाद हिंद फौज का गठन किया। इस फौज के पास करीब 45,000 सैनिक थे, जिनमें आधे से अधिक गढ़वाली और कुमाऊनी सैनिक थे। इस अभियान में उत्तराखण्ड के 85 सैनिक शहीद हुए थे। अक्टूबर 1943 में, बोस ने एक अस्थाई सरकार बनाई। 1942 की अगस्त क्रांति 14 जुलाई 1942 को वर्धा में कांग्रेस की कार्यसमिति की बैठक के निर्णय के अनुसार 8 अगस्त को मुंबई के गोवालिया टैंक मैदान में हुई कांग्रेस की कार्यसमिति की ऐतिहासिक बैठक में भारत छोड़ो का प्रस्ताव पारित कर दिया गया। 'भारत छोड़ों' नारे ने सम्पूर्ण भारत में लोगों को उद्वेलित किया और वे अंग्रेजों के खिलाफ अंतिम लड़ाई में कूद पड़े। आंदोलन की तीव्रता को देखते हुए ब्रिटिश सरकार ने गांधी, नेहरू, पटेल और आजाद सहित सभी प्रमुख नेताओं को जेल में डाल दिया, लेकिन आन्दोलन और अधिक उग्र हो गया। सरकारी आंकड़ों के अनुसार इसमें लगभग 940 से ज्यादा लोग मारे गए जबकि लगभग 60,229 गिरफ्तार किए गए। भारत स्वाधीनता अधिनियम 1947 हमारे स्वाधीनता सेनानियों के त्याग, बलिदान और समर्पण के फलस्वरूप अंग्रेज भारत छोड़ने को तो तैयार हो गए मगर जाते-जाते ''बांटो और राज करो'' की चाल एक बार फिर चल गए और धर्म के आधार पर भारत वर्ष 14 अगस्त 1947 को टूट गया। ब्रिटिश संसद द्वारा पारित भारत स्वतंत्रता अधिनियम 18 जुलाई 1947 को पारित किया गया जिसमें भारत और पाकिस्तान को सत्ता हस्तान्तरण के लिए 15 अगस्त 1947 का दिन नियत किया गया। अधिनियम के अनुसार 14 और 15 अगस्त की मध्य रात्रि से पहले पाकिस्तान नाम के एक नए राष्ट्र का भी उदय हो गया। स्वतंत्रता के समय भारत में 565 छोटी और बड़ी रियासतें थीं। भारत के एकीकरण अभियान के तहत 15 अगस्त 1947 तक जम्मू कश्मीर, जूनागढ़ व हैदराबाद जैसे कुछ अपवादों को छोड़कर सभी रियासतों ने विलय पत्र पर हस्ताक्षर कर दिए थे। गोवा पर पुर्तगालियों से 1962 में छुड़ाया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### गुजरात में ड्रग फैक्ट्री पर छापेमारी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली ।** 1000 करोड़ से ज्यादा के ड्रग्स बरामद, सात गिरफ्ता रमुंबई एंटी नारकोटिक्स सेल की वर्ली यूनिट ने मंगलवार को गुजरात के भरूच जिले के अंकलेश्वर इलाके में एक ड्रग फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। टीम ने इस छापेमारी में लगभग 513 किलोग्राम एमडी ड्रग्स बरामद किया है। विस्ता ड्रग के कारोबारियों के खिलाफ मुंबई की एंटी नारकोटिक्स सेल ने बड़ी कार्रवाई की है। मुंबई एंटी नारकोटिक्स सेल की वर्ली यूनिट ने मंगलवार को गुजरात के भरूच जिले के अंकलेश्वर इलाके में एक ड्रग फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। टीम ने इस छापेमारी में लगभग 513 किलोग्राम एमडी ड्रग्स बरामद किया है। इस ड्रग्स की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 1,026 करोड़ रुपये बताई जा रही है। मुंबई एंटी नारकोटिक्स सेल ने इस मामले में एक महिला समेत 7 आरोपियों को गिरफ्तार भी किया है।

### दिल्ली अब तीन रंगों का शहर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली ।** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि 130 करोड़ देशवासियों से अपील करते हुए कहा कि मिलकर प्रण लें कि भारत को दुनिया का सर्वश्रेष्ठ राष्ट्र बनाएंगे। 75 साल पहले जब भारत इकट्ठा हुआ तो अंग्रेजों को देश से बाहर फेंक दिया। एक बार फिर इकट्ठे हो जाएं। दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में आजादी की 75वीं वर्षगांठ की पूर्व संध्या पर दिल्ली सरकार ने 'हर हाथ तिरंगा' समारोह का आयोजन किया। देशभक्ति से लबरेज इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने शिरकत की। इस मौके पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि राजधानी में 500 तिरंगे फहराए हैं, अब दिल्ली तिरंगामय हो गई है। उन्होंने कहा, 130 करोड़ देशवासियों से अपील करते हुए कहा कि मिलकर प्रण लें कि भारत को दुनिया का सर्वश्रेष्ठ राष्ट्र बनाएंगे। 75 साल पहले जब भारत इकट्ठा हुआ तो अंग्रेजों को देश से बाहर फेंक दिया। एक बार फिर इकट्ठे हो जाएं तो भारत को दुनिया का नंबर वन देश बनने से कोई नहीं रोक सकता। मुख्यमंत्री ने सफाई का संदेश देते हुए कहा कि यह भी प्रण लें कि अपनी तरफ से देश को गंदा नहीं करेंगे और राह चलते समय कूड़ा सड़क पर नहीं फेंकेंगे। नंबर वन देश बनाने के छोटी सी शुरुआत करनी होगी।

# सरेराह युवक को तमाचा मारने वाली महिला गई सलाखों के पीछे

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** सड़क पर एक रिक्शा चालक को मामूली सी वजह से सरे राह तमाचा मारने वाला वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की है । पुलिस ने इस मामले में मारपीट करने वाली किरण नामक महिला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है । इस मामले मे पीडित का नाम मिथुन है । इसने कोतवाली फेस टू में शिकायत दर्ज कराई थी । जिसके आधार पर महिला की तुरंत गिरफ्तारी कर लिया हाईटेक शहर नोएडा में इन दिनों धैर्य टूट रहा है । पिछले दिनों श्रीकांत त्यागी ने अपनी पड़ोसी महिला को मामूली बात पर गाली गलौज की। जिसके बाद मामला पूरे देश में मीडिया की सुर्खियां बना । आज सुबह एक और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआत् इस वीडियो में एक महिला बैटरी रिक्शा चलाने वाले युवक को 17 तमाचा मार कर उसका जुलूस निकालते दिखी। इस महिला ने इस युवक को सरे राह न केवल तमाचे मारे बल्कि गिरेबान पकड़कर इसको बाजार में घुमाया भी। इस वीडियो को वायरल होने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की और आरोपी महिला किरण को जेल भेज दिया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि यदि महिला चाहती तो यह बवाल नहीं होता । इस मामले में मिथुन अपनी रिक्शा से जा रहा था। जरा सी टक्कर हो गई इसके बाद यह बवाल हुआ।



# आज लोकतंत्र के चौथे स्तंभ ने निकाली तिरंगा रैली; हर-घर तिरंगा लगाने किया जागरूक

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**दिनेश यादव**
**मैहर।** देश आजादी की 75 वीं वर्षगा को स्वतंत्रता के अमृत महोत्सव के रूप में मना रहा है. इसी के अंतर्गत हर-घर तिरंगा अभियान की शुरुआत की गई है. सरकार द्वारा चलाए गए जा चलाए जा रहे हर-घर तिरंगा अभियान के समर्थन में लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पत्रकारों द्वारा मैहर नगर में बाइक रैली निकाली गई. नगर के सभी पत्रकार अपने-अपने वाहनों में शालीनता के साथ ध्वज को पूरा सम्मान देते हुए वन्दे मातरम,भारत माता की जय पत्रकार एकता जिंदाबाद का नारा लगाते हुए देश भक्ति की भावना से ओतप्रोत होकर नगर के विभिन्न मार्गो से गुजरे। रेस्ट हाउस से शुरू हुई यह रैली नगर के विभिनन मागी से होती हुई रेस्ट हाउस में ही समाप्त हुई। नगर के पत्रकारों ने सभी नागरिकों से घरों व प्रतिष्ठानों में तिरंगा लगाने की अपील की है। उक्त तिरंगा रैली में नगर के सभी वरिष्ठ एवं युवा पत्रकार शामिल हुए।



# नोएडा मे आजादी का अमृत महोत्सव भाजपा ने धूमधाम से मनाया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** आजादी का अमृत महोत्सव पूरे धूम धाम के साथ पूरे जनपद मे मनाया जा रहा है। जिसके चलते आज नोएडा में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह का रहना हुआ। वो राजकीय कन्या विशेष चर्चा की। उन्होंने वहाँ सभी बच्चों को तिरंगा भी दिया साथ ही सभी छात्रों से आज़ादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर अपने पूरे परिवार के साथ मनाने को कहा। छात्रों ने देशभक्ति का कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कॉलेज के प्रिंसिपल ने भी



विद्यालय , सेक्टर- 51, नोएडा में बच्चे से बात करी और उनके साथ आज़ादी का अमृत महोत्सव भी मनाया। अरुण सिंह ने छात्राओ से आजदी के महत्व, हमे आज़दी कैसे मिली, और आज हम आज़ादी के अमृत काल मे हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ विश्व गुरू बनने की राह पर है पर अपने स्कूल की छात्राओं की उपलब्धियों के बारे मे बताया और सभी का धन्यवाद किया। उनके साथ नोएडा महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता, गणेश जाटव, गिरिजा सिंह, शारदा चतुर्वेदी, शिवानी शरद, नीता वाजपेई, दीपाली दीक्षित, राजश्री गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।


# श्रीकांत त्यागी को मांफी मांगनी चाहिए थी- अनु त्यागी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** एक महिला के साथ दुर्व्यवहार के मामले में गिरफ्तार किए गए श्रीकांत त्यागी की पत्नी ने कहा है कि माफी तुरंत मांगनी चाहिए थी और घटना के बाद जो कुछ भी हुआ उसे बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया गया। हालांकि अनु त्यागी ने माना कि जो कुछ भी हुआ वह गलत था। श्रीकांत की पत्नी अनु ने हमारे ब्यूरो प्रभारी देव मणि शुक्ल से बातचीत करते कहा, कि जो भी हुआ वह गलत था। उसे माफी मांगनी चाहिए थी। मामला यह था कि उसने महिला का अपमान किया और इससे इसी तरह निपटा जाना चाहिए था लेकिन हर चीज को अब 'खींचा' जा रहा है। हमारी कार, घर, सारी चीजें अचानक अवैध बन गई हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि वे केवल पेड़ लगा रहे थे। अनु ने कहा, हम पेड़ लगा रहे थे। मेरे पति को उकसाया गया, उन्हें सॉरी कहकर माफी मांग लेनी चाहिए थी। मेरे बच्चों और मेरे साथ आसपास के लोग बुरा व्यवहार कर रहे हैं।अनु त्यागी का यह बयान उनके पति श्रीकांत की यूपी पुलिस की ओर से मंगलवार को की गई गिरफ्तारी के बाद आया था। श्रीकांत को हाल में एक वायरल वीडियो में नोएडा के सेक्टर 93 स्थित ग्रांड ओमेक?स सोसाइटी में एक महिला के साथ अभद्रता करते हुए देखा गया था और इसके बाद से वह फरार था। पुलिस ने उसे मेरठ के पास से अरेस्ट किया। दबंग श्रीकांत त्यागी अपने को बीजेपी का नेता बताता था। ऐसी तस्वीरें हैं जिसमें श्रीकांत, बीजेपी के बडे नेताओं के साथ भी नजर आ रहा है। हालांकि बीजेपी का कहना है कि उसका श्रीकांत से कोई लेना देना नहीं है। महिला के साथ अभद्र व्यवहार करने के आरोप में गिरफ्तार हुए श्रीकांत त्यागी ने कोर्ट ले जाते समय मीडिया से बातचीत में कहा था कहा कि पीडित महिला उनकी बहन की तरह है, राजनीतिक रूप से नष्ट करने के लिए उसके खिलाफ ये साजिश रची गई है। सूरजपुर कोर्ट ने त्यागी को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा दिया है। त्यागी ने कहा कि जिस महिला के साथ उसने दुर्व्यवहार किया था वह उसकी बहन की तरह थी। साथ ही दावा किया कि यह घटना राजनीतिक थी और यह उसे राजनीतिक रूप से खत्म करने के लिए किया गया है।



### ट्विन टावर के डेमोलिशन के लिए बारूद का पहला खोप नोएडा पहुंचा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद बहुचर्चित सुपरटेक के ट्विन टावर एपेक्स और सियान के डिमोलिशन के लिए आज से बारूद लगाने का काम आज से शुरू कर दिया गया है पलवल से नोएडा पुलिस की देखरेख में बारूद की पहली खेप आज सेक्टर 93 इस बारूद उसको टावर के खंभों में किये गए छेदों में भरने का काम आज से शुरू कर दिया जाएगा यह काम प्रतिदिन किया जाएगा ।



# श्रीकांत त्यागी मामले में छवि खराब करने का आरोप लगा मांगा 11 करोड़ का हर्जाना

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने नोएडा पुलिस कमिशनर आलोक सिंह को साढ़े 11 करोड़ रुपए की मानहानि का नोटिस भेजा है। स्वामी प्रसाद मौर्य ने शनिवार को नोटिस की कॉपी के साथ ट्वीट किया। पुलिस कमिशनर गौतम बुद्धनगर ने विधानसभा पास को लेकर श्रीकांत त्यागी प्रकरण में बिना जांच पड़ताल किए गैर जिम्मेदाराना हरकत कर प्रेस के माध्यम से पूरे देश में मेरी छवि प्रतिष्ठा एवं लोकप्रियता को धूमिल करने का प्रयास किया। उसके परिप्रेक्ष्य में मानहानि करने संबंधी कानूनी नोटिस भेजा। ये ट्वीट सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य ने किया है। इस ट्वीट के जरिए स्वामी प्रसाद ने नोएडा पुलिस कमिशनर पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। नोएडा पुलिस ने महिला से गाली गलौज प्रकरण में श्रीकांत त्यागी को 8 अगस्त को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने उसके कब्जे से कुल चार गाडियां बरामद की थीं, जिसमें एक फॉरचूनर पर सचिवालय का एंट्री पास लगा था। नोएडा पुलिस कमिशनर आलोक सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेस में दावा किया था कि श्रीकांत त्यागी को विधायक का यह पास स्वामी प्रसाद मौर्य ने उपलब्ध कराया था। अब स्वामी प्रसाद मौर्य ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के अधिवक्ता श्री कश्यप के जरिये 12 अगस्त को नोएडा पुलिस कमिशनर आलोक सिंह को चार पेज का मानहानि नोटिस भेजा है। अधिवक्ता ने नोटिस में लिखा है कि मेरे क्लाइंट छह बार विधानसभा सदस्य रहे हैं। पूर्व कैबिनेट मंत्री रहे हैं। मेरे क्लाइंट पर बिना किसी सुबूत के नोएडा पुलिस कमिशनर ने व्हीकल पास उपलब्ध कराने जैसे आरोप लगाए हैं। इससे मेरे क्लाइंट की रेपुटेशन खराब हुई है। नोटिस में मानहानि के तौर पर साढ़े 11 करोड़ रुपए का हर्जाना 15 दिन के भीतर मांगा गया है।





# दादरी तहसील गांव दुजाना में मैराथन दौड़ का हुआ आयोजन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा से जनपद में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत जिलाधिकारी सुहास एल वाई के कुशल नेतृत्व में विभिनन कार्यक्रम आयोजित करते हुए जनपद में देशभक्ति की भावना को फलीभूत करने के उद्देश्य से विभिनन कार्यक्रम वृहद स्तर पर सुनिश्चित किए जा रहे हैं। इसी श्रृंखला में आज सुबह 8:00 बजे जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग के तत्वाधान में दादरी के दुजाना गांव में आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर मैराथन दौड़ का आयोजन करते हुए तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसके माध्यम से प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों ने स्थानीय नागरिकों को सरकार के घर-घर तिरंगा अभियान का संदेश दिया। इस अवसर पर क्षेत्र के माननीय विधायक तेजपाल नागर, जिला युवा कल्याण अधिकारी ऋषि कुमार तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



### आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर शिव शक्ति अपार्टमेंट सेक्टर 71 ने तिरंगा यात्रा निकाली............

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** सेक्टर 71 शिव शक्ति अपार्टमेंट के आर डब्लूयू ए ने तिरंगा यात्रा निकाली। आजादी के 75 वर्ष वर्षगांठ की शुभ अवसर पर पूरी सोसायटी मे तिरंगा यात्रा आर डब्लूयू ए अध्यक्ष जगदीश सिंह जग्गू एवं महासचिव संजय शुक्ला के नेतृत्व मे निकाली गई ।यह तिरंगा यात्रा पूरे सोसायटी मे घूमते हुए सेक्टर 71 के चारो तरफ भारत माता की जय एवं वंदेमातरम नारों के साथ घूमी ।इस यात्रा में सोसायटी के सैंकड़ो कार्यकर्ताओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।





# श्रद्धानंद प्रखंड मे धूम धाम से मनाया अखण्ड भारत संकल्प दिवस

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** श्रद्धानंद प्रखंड ने अखण्ड भारत संकल्प दिवस बडे धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम मे मुख्य बक्ता के रूप में विश्व हिंदू परिषद नोएडा महानगर के अध्यक्ष लाल मणि पान्डेय मौजूद रहे। अध्यक्ष ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि जिन आंखों ने भारत को भूमि से अधिक माता के रूप में देखा हो, जो स्वयं को इसका पुत्र मानता हो, जो प्रातःकाल उठकर - समुद्रवसने देवी पर्वतस्तन मंडले, विष्णुपत्नि नमस्तुभ्यम् पादस्पर्श क्षमस्वमे. कहकर उसकी रज को माथे से लगाता हो, वन्देमातरम जिनका राष्ट्रघोष और राष्ट्रगान हो, ऐसे असंख्य अंतःकरण मातृभूमि के विभाजन की वेदना को कैसे भूल सकते हैं, अखण्ड भारत के संकल्प को कैसे त्याग सकते हैं अखंड भारत का संकल्प एक विचार नहीं वरन अडिग संकल्प हैं, हिन्दुओ की भीषण प्रतिज्ञा हैं, सदा प्रेरणा देने वाला स्वपन हैं, भारत के उन राष्ट्रभक्त महान क्रांतिकारियों का जिन्होंने देश को पराधीनता से मुक्ति दिलाने के लिए हँसते हुए फाँसी के फंदे को चूम लिया। अपना सर्वस्व मातृभूमि पर न्योछावर कर दिया। माँ भारती को सिर्फ मानचित्र व भौगोलिक धरातल मानकर पैमाने पर उसको दो टुकड़ों में बाँटने का कार्य सत्ता के नशे में मदहोश लोगों के इशारे पर 14 अगस्त सन 1947 की मध्य रात्रि को किया, भारत के विभाजन से पूर्व महात्मा गाँधी ने कहा था - भारत माँ का विभाजन यदि होगा तो वह मेरी लाश के दो टुकड़ों पर होगा लेकिन माँ भारती के कलेजे के दो टुकडे कर दिये गये, दो हिस्सों में विभाजित माँ भारती की चीख को शायद ही कोई महसूस कर पाया होगा। 15 अगस्त 1947 को महर्षि अरविन्द ने कहा था - नियति ने भारत को एक राष्ट्र के रूप में बनाया है, ये विभाजन अस्थायी है। देश के नागरिकों को संकल्प लेना चाहिए की चाहे जैसे भी हो और कोई भी रास्ता क्यों न अपनाना पड़े, अब विभाजन को समाप्त कर पुनः अखंड भारत का निर्माण होना ही चाहिए। विनायक दामोदर 'वीर' सावरकर ने कहा था कि मुझे स्वराज्य प्राप्ति की खुशी है, परंतु इसका दुख है कि वह खंण्डित है। देश की सीमाये नदी पहाडो या संधि-पत्रो से निर्धारित नहीं होती, वे देश के नवयुवको के शोर्य, धैर्य, त्याग एवं पराक्रम से निर्धारित होती हैं। आज फिर माँ भारती अपने वीर पुत्रों को पुकार रही हैं, माँ भारती को पुनः परम वैभव के साथ अखंडता का मुकुट उसके माथे पर विराजमान करना आज हमारा परम कर्तव्य हैं। हमें भारत की अखण्डता के संकल्प को पूर्ण करना हैं, आओ हम सब मिलकर संकल्पबद्ध हो, भारत माता को पुनः अखंड करने में तथा भारत माँ को पुनः अखंडता के शिखर पर विराजमान करे। अतः हम सब को आज 14 अगस्त को इस बात का संकल्प लेना होगा की इस प्राचीन राष्ट्र को पुनः अपना खोया हुआ गौरव प्राप्त कराने और एक संगठित, समृद्ध, शक्तिशाली, सामर्थ्यवान राष्ट्र का लक्ष्य प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ाना ही हमारी नियति है, जिसे अपने पुरुषार्थ से हमें प्राप्त करना है। कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद नोएडा महानगर के मंत्री विवेक मिश्र , विशेष संपर्क प्रमुख सुधीर , विभाग संयोजक बजरंग दल ललित भाईसाहब, कार्यक्रम अध्यक्ष बृजेश त्यागी, श्रद्धानंद प्रखंड अध्यक्ष विष्णु शर्मा प्रखंड मंत्री निमिष ,प्रखंड मातृ शक्ति संयोजिका बहन दीक्षा प्रखंड संयोजक सूरज , पंकज , वलकेश ,रोहित, देश दीपक,लोकेश शर्मा, राजेश पाठक, राहुल, प्रदीप, नंद किशोर सोलंकी, मुकेश रावत व सैकड़ो की तादाद में हिन्दू कार्यकर्ताओं की सहभागिता रही।






















































स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपीएसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com
नोट:- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होंगे।